रोहतक

रविवार, 20 अप्रैल, 2025

वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 79
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 43.7
न्यून. 18.1

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




05 कृष्णा का 'चौका', बटलर के नाबाद अर्धशतक से शीर्ष पर पहुंचा गुजरात

*नया शेड्यूल आज से होगा लागू*

# दिल्ली-हिसार जोन के 11 जिलों में 16 घंटे मिलेगी बिजली, 8 घंटे का कट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

**बढ़ती गर्मी के साथ बढ़ेगी लोगों की परेशानी, दो भागों में बांटकर की जाएगी बिजली कटौती, हिसार जोन के 5, गुरुग्राम के 6 जिले होंगे प्रभावित**

बिजली विभाग ने बिजली सप्लाई के समय में बदलाव कर नया शेड्यूल जारी कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में अब 16 घंटे ही बिजली मिलेगी। 8 घंटे लोगों को बिजली कट झेलने पड़ेंगे। यह कट भी दिन के समय लगेंगे। बिजली विभाग का नया शेड्यूल हिसार और दिल्ली जोन पर लागू होंगे। हिसार जोन में हिसार-भिवानी समेत 5 जिले हैं। वहीं दिल्ली जोन में गुरुग्राम समेत 6 जिले हैं। यह आदेश रविवार से लागू हो जाएंगे। विभाग का कहना है कि यह शेड्यूल ग्रामीण फीडरों की बिजली आपूर्ति का है। जिसका असर घरेलू उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। बिजली विभाग जो 16 घंटे बिजली देगा, वह भी 2 टुकड़ों में मिलेगी। विभाग ने तर्क दिया कि शहरी क्षेत्रों में गर्मियों में बिजली की डिमांड बढ़ जाती है। जिसे पूरा करने के लिए हर साल ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की कटौती की जाती है। हालांकि जिन फीडरों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति के आदेश हैं, उन पर यह शेड्यूल लागू नहीं होगा।

### 16 घंटे बिजली की सप्लाई

नए आदेश के मुताबिक दिल्ली जोन में बिजली सप्लाई शाम 6:30 से अगले दिन सुबह 6:00 बजे तक और सुबह 11:15 से लेकर दोपहर 3:45 बजे तक रहेगी, जबकि हिसार जोन में बिजली की सप्लाई शाम 7:00 बजे से अगले दिन सुबह 6:30 बजे तक और दोपहर 12:00 बजे से शाम 4:30 बजे तक रहेगी। दोनों जोन में बिजली की सप्लाई करीब 16 घंटे तक रहेगी। यानी इस गर्मी में लोगों को आठ घंटे बिजली के बिना रहना पड़ेगा।

### जीरो कट और लोड प्रतिबंध लागू

आदेश में ग्रिड अनुशासन बनाए रखने के लिए जीरो कट और लोड प्रतिबंध लागू किए जाएंगे। इसके अलावा सभी एसई ऑपरेशन को भी निर्देश दिया है कि अपने-अपने एरिया के सभी उप-केंद्रों, डिवीजनल कार्यालय, उप-डिवीजनल कार्यालय, जेई कार्यालय, शिकायत केंद्र और दूसरे सार्वजनिक जगहों पर पावर रेगुलेटरी मेजर्स को प्रभावी तरीके से लागू करें।

*डिजिटल दुष्कर्म मामले में खुलासा*

# अश्लील वीडियो देखने के बाद किया था एयर होस्टेस का यौन-उत्पीड़न

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** मेदांता अस्पताल में भर्ती एयर होस्टेस के साथ यौन उत्पीड़न करने से पहले आरोपी ने अश्लील फिल्म देखी थी। आरोपी आदतन पॉर्न वीडियो देखा करता था। उससे बरामद किए गए मोबाइल फोन की सर्च हिस्ट्री से इसकी पुष्टि हुई है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी ने यौन उत्पीड़न करने के मामले में अपना गुनाह कबूल कर लिया। वहीं पुलिस ने शनिवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### गुनाह कबूल किया

पुलिस की पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि वह आईसीयू की मशीन का ही टेक्नीशियन था। एयर होस्टेस एक दिन पहले मेदांता अस्पताल में आई। जब उसे आईसीयू में लाया गया तो तभी से उसकी नीयत बिगड़ गई थी। इसीलिए उसने 6 अप्रैल को पहले अश्लील फिल्म देखी। फिर वारदात के दौरान वहां मौजूद स्टाफ को किसी न किसी बहाने काम में उलझाकर रखा ताकि कोई उसे देख न सके। वारदात के बाद वह आईसीयू से बाहर आया। फिर उसने अकेले में अश्लील फिल्म देखी।

### एयर होस्टेस को देखकर बिगड़ी नियत, स्टाफ को कामों में उलझाकर दिया वारदात को अंजाम

#### सीसीटीवी फुटेज से पकड़ा आरोपी

पुलिस ने जब एयर होस्टेस से डिजिटल रेप की जांच शुरू की तो सबसे पहला शक आईसीयू में तैनात पुरुष स्टाफ पर ही था। चूंकि आरोपी दीपक (25) की ड्यूटी आईसीयू की मशीन पर थी, इस वजह से उसे आने-जाने में कोई रोक-टोक नहीं थी। पुलिस ने ड्यूटी रजिस्टर खंगाले तो पता चला कि वह उस दिन ड्यूटी पर था। इसके बाद पुलिस ने एयर होस्टेस के 6 अप्रैल की रात 9 बजे यौन उत्पीड़न के समय की सीसीटीवी फुटेज चेक की कि उस दौरान कौन-कौन आईसीयू के अंदर गया था। फुटेज में पुलिस को दीपक आता-जाता नजर आ गया। जिसके बाद पुलिस को यकीन हो गया कि उसी ने एयर होस्टेस का यौन उत्पीड़न किया है।

#### बिहार का रहने वाला

बिहार के मुजफ्फरपुर के बधौली गांव का रहने वाला दीपक पढ़ाई में एवरेज स्टूडेंट था। उसने साल 2019-2022 के दौरान एक निजी संस्थान से बीएससी (ओटी) की डिग्री की थी। 5 महीने पहले उसे मेदांता अस्पताल में आईसीयू में मशीन टेक्नीशियन के पद पर नौकरी मिल गई।






## हिंसाग्रस्त इलाके का दौरा कर बोले गवर्नर, हालात की रिपोर्ट केंद्र के पास भेजेंगे

*कहा, लोग मुझसे बेझिझक बात करें, उन्हें न्याय मिलेगा*

# मुर्शिदाबाद में जमीनी हालात विकट और भयावह : राज्यपाल

भाषा ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में मारे गए एक व्यक्ति और उसके बेटे के परिजनों से शनिवार को मुलाकात की और उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। हरगोविंद दास और चंदन दास के शव शमशेरगंज के जाफराबाद इलाके में उनके घर में पाए गए थे और शरीर पर चाकू से वार के कई निशान थे। बोस ने मृतकों के परिजन से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मैं अनुरोधों पर गौर करूंगा। तीन से चार सुझाव मिले हैं। उन्होंने इलाके में बीएसएफ की तैनाती की मांग की है। मैं इस मामले को उचित अधिकारियों के समक्ष उठाऊंगा। निश्चित रूप से कुछ ठोस कार्रवाई की जाएगी। मुर्शिदाबाद में जमीनी हालात विकट और भयावह हैं। मैंने उनके साथ 'शांति कक्ष' का नंबर (राजभवन की हेल्पलाइन) भी साझा किया है।'' मृतकों के गमगीन परिवार के सदस्य राज्यपाल के पैरों में गिरकर न्याय की गुहार लगाते देखे गए। बाद में, धुलियान बाजार इलाके में स्थानीय लोगों से बात करने के बाद बोस ने कहा, ''मैंने उनसे (पीड़ितों से) कहा है कि वे मुझसे बेझिझक बात करें। वे न्याय चाहते हैं और उन्हें न्याय मिलेगा।'' भाजपा ने हिंसा की जांच एनआईए से कराने की मांग उठाई है।



राज्यपाल बोले, पीड़ितों ने इलाके में बीएसएफ की तैनाती की मांग की
■
मृतकों के गमगीन परिवार के सदस्यों ने राज्यपाल के पैरों में गिरकर न्याय की गुहार लगाई
■
भाजपा ने कहा, एनआईए करे हिंसा की जांच

### हिंसा में गई थी तीन की जान

मुस्लिम बहुल इलाकों में 8-12 अप्रैल को वक्फ (संशोधन) अधिनियम के विरोध में हुए प्रदर्शनों के दौरान भड़की हिंसा में पिता-पुत्र समेत कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। इसके बाद इस सिलसिले में 274 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### एनसीडब्ल्यू टीम भी पहुंची मुर्शिदाबाद

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष विजया रहाटकर के नेतृत्व वाले एक प्रतिनिधिमंडल ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में दंगा प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। दंगा प्रभावित महिलाओं ने अपनी व्यथा बताई और मांग की कि जिले के चुनिंदा इलाकों में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के स्थायी शिविर स्थापित किए जाएं और सांप्रदायिक झड़पों की राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से जांच कराई जाए।

## उधर, बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक नेता की हत्या, भारत ने जताई कड़ी आपत्ति

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** भारत ने शनिवार को बांग्लादेश में एक हिंदू अल्पसंख्यक नेता के कथित अपहरण और हत्या की निंदा की और ढाका की अंतरिम सरकार से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि भाबेश चंद्र रॉय की ''क्रूर हत्या'' में बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न की प्रवृत्ति नजर आ रही है।



उन्होंने कहा, ''हमने बांग्लादेश में एक हिंदू अल्पसंख्यक नेता भाबेश चंद्र रॉय के अपहरण और क्रूर हत्या को देखा है।'' जायसवाल ने कहा, ''यह हत्या अंतरिम सरकार के तहत हिंदू अल्पसंख्यकों की योजनाबद्ध उत्पीड़न की प्रवृत्ति का एक तरीका है, जबकि पिछली ऐसी घटनाओं के अपराधी दंड से बचकर (अब तक) घूम रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम इस घटना की निंदा करते हैं और एक बार फिर अंतरिम सरकार को याद दिलाते हैं कि वह बिना किसी बहाने के या भेदभाव के हिंदुओं समेत सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करने की जिम्मेदारी को पूरा करे।'

### पूजा उद्यापन परिषद की बीराल इकाई के उपाध्यक्ष थे भाबेश

गौरतलब है कि बांग्लादेश में अज्ञात लोगों ने हिंदू नेता भाबेश चंद्र रॉय (58) का उनके घर से अपहरण कर पीट-पीटकर मार डाला गया। वे बांग्लादेश पूजा उद्यापन परिषद की बीराल इकाई के उपाध्यक्ष थे। हिंदू समुदाय में उनकी बड़ी पकड़ थी। पुलिस ने बताया कि वे ढाका से 330 किमी दूर दिनाजपुर के बसुदेवपुर गांव के रहने वाले थे। भाबेश चंद्र रॉय की पत्नी शांतना ने बताया कि गुरुवार को करीब 4:30 बजे उनके पति को एक फोन आया था। फोन करने वाला सिर्फ यह जानना चाहता था कि भाबेश घर पर हैं या नहीं। इसके करीब आधे घंटे बाद दो बाइक पर सवार चार लोग उनके घर आए व भाबेश को जबरदस्ती उठाकर ले गए।

## दिल्ली में 4 मंजिला इमारत गिरी, 11 की मौत, 11 घायल



**नई दिल्ली।** मुस्तफाबाद इलाके में शुक्रवार देर रात ढाई बजे 4 मंजिला बिल्डिंग ढह गई। हादसे में 11 लोगों की मौत हो चुकी है और 11 लोग घायल हो गए हैं। मरने वालों में आठ लोग एक ही परिवार के हैं। जिनमें तीन महिलाएं और चार बच्चे शामिल हैं। पांच की हालत गंभीर है जिनका इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, हादसे में 22 से ज्यादा लोग मलबे में दब गए थे। मौके पर एनडीआरएफ और दिल्ली पुलिस की टीम ने बचाव अभियान चलाया। डिविजनल फायर ऑफिसर राजेंद्र अटवाल ने बताया कि देर रात करीब 2:50 बजे एक मकान ढहने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे तो पता चला कि पूरी बिल्डिंग ढह गई है और लोग मलबे में फंसे हुए हैं। पुलिस के साथ मिलकर बचाव अभियान चलाया है। दरअसल, शुक्रवार रात दिल्ली में मौसम ने अचानक करवट ली थी। तेज बारिश और आंधी-तूफान के चलते कई इलाकों में नुकसान हुआ। माना जा रहा है कि इसी वजह से मुस्तफाबाद की इमारत भी ढह गई।

10 से ज्यादा लोग अब भी मलबे में दबे
■
रात 2 .50 बजे ढही इमारत

### एमसीडी की लापरवाही का नतीजा

मुस्तफाबाद से विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने मौके पर पहुंचकर कहा कि यह हादसा एमसीडी की लापरवाही और भ्रष्टाचार का नतीजा है। उन्होंने बताया कि चुनाव जीतने के बाद उन्होंने इस इमारत को खतरनाक बताया था और एलजी व एमसीडी को आगाह भी किया था। बिष्ट ने कहा कि मुस्तफाबाद में कई अवैध और जर्जर इमारतें हैं, और बिजली कंपनियां गरीबों को कनेक्शन नहीं देतीं।

### आईपीएल में आज



पंजाब V/S बैंगलुरु
समय : 3.30 PM
स्थान : चंडीगढ़
मुंबई V/S चेन्नई
समय : 7.30 PM
स्थान : मुंबई

### खबर संक्षेप

#### पुतिन ने ईस्टर पर की संघर्ष विराम की घोषणा

**मास्को (भाषा)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को ईस्टर के दिन यूक्रेन के साथ युद्ध में शाम छह बजे (मास्को के समयानुसार) से रविवार रात 12 बजे तक संघर्ष विराम की घोषणा की और यूक्रेन से भी ऐसा ही करने को कहा। पुतिन ने यह घोषणा 'चीफ ऑफ जनरल स्टाफ' जनरल गेरासिमोव के साथ एक बैठक में की, जिन्होंने बताया कि यूक्रेन की सीमा पर स्थित दो इलाकों को छोड़कर, कुर्स्क क्षेत्र का पूरा क्षेत्र आजाद करा लिया गया है। अगस्त 2024 में रूसी सशस्त्र बलों द्वारा हमले में इस क्षेत्र के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर लिया गया था। *भाषा*

#### कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा हिमपात

**श्रीनगर।** कश्मीर के ऊंचाई वाले कुछ इलाकों में शनिवार को नए सिरे से हिमपात हुआ, जबकि मैदानी इलाकों सहित घाटी के अन्य हिस्सों में बारिश हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उत्तरी कश्मीर के बांदीपुरा जिले के तुलैल और गुरेज तथा दक्षिणी कश्मीर के सिंथन टॉप में रात भर हिमपात हुआ। अधिकारियों ने बताया कि मध्यम हिमपात के कारण गुरेज-बांदीपुरा मार्ग को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। *भाषा*

## मोदी अगले सप्ताह दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे सऊदी अरब

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार से सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। उनकी यह यात्रा ऊर्जा, व्यापार एवं रक्षा समेत कई प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ाने पर केंद्रित रहेगी। मोदी और सऊदी अरब के शहजादे मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद के बीच वार्ता के बाद कई समझौतों पर हस्ताक्षर किये जायेंगे। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने प्रेसवार्ता में बताया कि यह यात्रा दोनों देशों के बीच पहले से ही मजबूत रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने का अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि भारत-सऊदी अरब ऊर्जा सहयोग को रणनीतिक आयाम देने का प्रयास किया जाएगा। *(विस्तृत पेज-8 भी देखें)*



*विधेयकों की समय सीमा और वक्फ पर भाजपा सांसद दुबे बोले*

# अगर सुप्रीम कोर्ट कानून बनाएगा तो संसद को बंद कर देना चाहिए

### दुबे के बयान से भाजपा ने बनाई दूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति को विधेयकों पर समय से फैसला लेने के निर्देश के बाद बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सुप्रीम कोर्ट की भूमिका पर सवाल उठाया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि अगर कोर्ट ही कानून बनाएगा, तो संसद भवन को बंद कर देना चाहिए। दुबे की यह टिप्पणी वक्फ अधिनियम की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर चल रही सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई और राष्ट्रपति को विधेयकों पर समय से फैसला लेने के कोर्ट के निर्देश के बाद आई है। भाजपा ने दुबे के बयान से दूरी बनाई है।




### उपराष्ट्रपति ने जाहिर की थी चिंता

सुप्रीम कोर्ट के उस निर्देश के बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने चिंता जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि भारत में ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी, जहां न्यायाधीश कानून बनाएंगे और 'सुपर संसद' के रूप में काम करेंगे। उपराष्ट्रपति ने उस आदेश का जिक्र किया, जिसमें राष्ट्रपति को 3 माह में विधेयक पर फैसला लेने की अवधि तय की गई है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है, जब राष्ट्रपति को तय समय में फैसला लेने को कहा जा रहा है।

*भूकंप की 5.9 रही तीव्रता*

## जम्मू-कश्मीर से दिल्ली एनसीआर तक झटके

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में आए 5.9 तीव्रता के भूकंप का असर जम्मू-कश्मीर में भी देखने को मिला। जम्मू-कश्मीर में भूकंप से लोगों में अफरातफरी मच गई और लोग घरों से बाहर निकल भागे। इसका असर दिल्ली-एनसीआर तक महसूस किया गया। हालांकि जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। जानकारी के मुताबिक भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान-तजाकिस्तान बॉर्डर पर था। भूकंप की गहराई धरती के नीचे 86 किमी पर थी।



■ लोग घरों से भागे बाहर

*कनाडा में वारदात*

## पंजाब की छात्रा की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** पंजाब की रहने वाली एक छात्रा की गुरुवार को कनाडा के हैमिल्टन में बस स्टॉप पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। हैमिल्टन पुलिस के अनुसार गोलीबारी शाम करीब 7.30 बजे हुई। पीड़िता की पहचान मोहॉक कॉलेज की 21 वर्षीय छात्रा हरसिमरत रंधावा के रूप में हुई है। लड़की बस स्टैंड पर सार्वजनिक परिवहन का इंतजार कर रही थी।



■ भारत के दूतावास ने जताया शोक

# भारत-अमेरिका प्रस्तावित व्यापार समझौते के संदर्भ की शर्तों में लगभग 19 अध्याय : सूत्र

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए दोनों देशों द्वारा अंतिम रूप दिए गए संदर्भ शर्तों (टीओआर) में लगभग 19 अध्याय शामिल हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इनमें शुल्क, सामान, गैर-शुल्क बाधाएं और सीमा शुल्क सुविधा जैसे मुद्दों को शामिल किया गया है। वार्ता को और गति देने के लिए, 'जवाबी शुल्क' पर रोक वाले 90 दिन के अंदर प्रस्तावित भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए औपचारिक रूप से बातचीत शुरू करने से पहले कुछ मुद्दों पर मतभेदों को दूर करने के लिए एक भारतीय आधिकारिक दल अगले सप्ताह अमेरिका का दौरा कर रहा है। भारत के मुख्य वार्ताकार, वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल, दोनों देशों के बीच आमने-सामने की पहली वार्ता के लिए टीम का नेतृत्व करेंगे। अग्रवाल को 18 अप्रैल को अगले वाणिज्य सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था।

**जवाबी शुल्क पर 90 दिन की रोक**
मतभेदों को दूर करने के लिए अगले सप्ताह अमेरिका जाएगा आधिकारिक दल

### वार्ता 23 अप्रैल से शुरू होगी

अधिकारी ने कहा कि वाशिंगटन में अमेरिकी समकक्षों के साथ तीन दिवसीय भारतीय आधिकारिक टीम की वार्ता 23 अप्रैल से शुरू होगी। अधिकारी ने कहा, "दोनों पक्ष महत्वाकांक्षा के स्तर पर चर्चा करेंगे। संदर्भ शर्तों को और विकसित किया जाएगा और उन पर चर्चा की जाएगी। बातचीत का मार्ग क्या होगा? शर्तों में शुल्क, गैर-शुल्क बाधाएं, उत्पत्ति के नियम और विनियामक मामले जैसे मुद्दे शामिल होंगे।" उन्होंने कहा कि समझौते की सामान्य रूपरेखा के साथ-साथ कार्यक्रम तय करने पर भी चर्चा की जाएगी, ताकि 90 दिनों में चीजों को अंतिम रूप दिया जा सके। तीन दिवसीय विचार-विमर्श महत्वपूर्ण है, क्योंकि एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने पहले कहा था कि भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को ट्रंप प्रशासन द्वारा घोषित 90-दिवसीय शुल्क विराम में अंतिम रूप दिया जा सकता है, यदि यह दोनों पक्षों के लिए 'फायदा' है।

**विश्व यकृत दिवस** गृहमंत्री ने 2 घंटे शारीरिक व्यायाम और 6 घंटे की नींद लेने की अपील की

*4.5 वर्षों में मैं एलोपैथिक दवाओं से मुक्त हो गया काम करने और सोचने की क्षमता में सुधार हुआ*

# खानपान, नींद और नियमित व्यायाम पर ध्यान देकर अपने स्वास्थ्य में बहुत बड़ा बदलाव देखा : शाह

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने समुचित नींद, खान-पान पर ध्यान देकर तथा नियमित व्यायाम सुनिश्चित करके अपने स्वास्थ्य और कार्य करने की क्षमता में बहुत बड़ा बदलाव देखा है। शाह ने विश्व यकृत दिवस पर यकृत एवं पित्त विज्ञान संस्थान (आईएलबीएस) में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवाओं से अच्छे स्वास्थ्य के लिए दो घंटे शारीरिक व्यायाम और छह घंटे की नींद लेने की अपील की । उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, ''मई 2019 से अब तक मैंने अपने अंदर बहुत बड़ा बदलाव देखा है। सही मात्रा में नींद, शुद्ध पानी, भोजन और व्यायाम से मैंने जीवन में बहुत कुछ हासिल किया है। पिछले 4.5 वर्षों में मैं सभी एलोपैथिक दवाओं से मुक्त हो गया हूं।" शाह ने कहा कि इससे उनकी काम करने, सोचने और निर्णय लेने की क्षमता में सुधार हुआ है। मंत्री ने आईएलबीएस में एकीकृत लिवर पुनर्वास केंद्र का उद्घाटन किया और संस्थान में यकृत स्वास्थ्य विषय पर आयोजित 'कार्टून गैलरी' का अवलोकन भी किया। शाह ने मजाकिया लहजे में कहा, ''मुझे कार्टून पसंद हैं, जिनमें मुझ पर आधारित कार्टून भी शामिल हैं।''



### स्वास्थ्य सेवा की समग्र प्रणाली बनाने के लिए काम किया

उन्होंने यकृत स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए इस गैलरी और संस्थान की अन्य पहलों के लिए आईएलबीएस के निदेशक डॉ एस सरीन की सराहना की। गृह मंत्री ने औद्योगिक घरानों से यकृत स्वास्थ्य के महत्व का प्रचार करने तथा यकृत के उपचार और अनुसंधान के क्षेत्र में काम करने वाले संस्थानों को सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की उज्ज्वला योजना, खेलो इंडिया, 'फिट इंडिया' और पेयजल एवं शौचालय जैसी अन्य योजनाएं सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ी हैं। शाह ने कहा कि सरकार का स्वास्थ्य बजट 2014 में 37,000 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 1.27 लाख करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश में स्वास्थ्य सेवा की समग्र प्रणाली बनाने के लिए काम किया है।

**सरकार ने स्वास्थ्य बजट बढ़ाकर 1.27 लाख करोड़ किया, कई नई योजनाएं शुरू की**

# पंचकूला को 55 करोड़ के विकास कार्यों की सौगातें, मुख्यमंत्री बोले- स्मार्ट सिटी बनाएंगे


## ■ घग्गर नदी पर 50 करोड़ रुपये की लागत से बना पुल जनता को समर्पित

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला को स्मार्ट सिटी बनाने के ध्येय को पूरा करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शनिवार को 55 करोड़ 38 लाख रूपये से अधिक की राशि के विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्याय किया। परियोजनाओं में 50 करोड़ की लागत से घग्गर नदी पर नवनिर्मित पुल का उद्घाटन, सेक्टर 28 व 31 में लगभग 4 करोड़ 64 लाख 59 हजार रुपये की लागत से दो डिस्पेंसरियों के भवनों और बरवाला के गांव कनौली में 74 लाख 38 हजार रुपये की लागत से ग्राम सचिवालय का शिलान्यास शामिल है।

■ पुल का राष्ट्रीय राजमार्ग 5 व 7 और 152 से होगा सीधा सम्पर्क, लोगों की आवाजाही होगी सुगम

इसके अलावा, उन्होंने पंचकूला के गांव में विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ देने की घोषणा भी की। नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज जो उद्घाटन एवं शिलान्यास किए गए हैं, वे पंचकूला को स्मार्ट सिटी बनाने के साथ-साथ उसे एक बेहतर स्वच्छ और स्वस्थ शहर बनाने में भी मील का पत्थर साबित होंगे। हमारा लक्ष्य पंचकूला को एक स्मार्ट सिटी बनाना है, जहां नागरिकों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो विकसित भारत का सपना देखा है उसमें विकसित हरियाणा का भी अपना स्थान है। हरियाणा को विकसित होना है तो पंचकुला को भी विकसित बनाना होगा।




### जीरकपुर, राजपुरा, पटियाला व मोहाली एयरपोर्ट तक पहुंचना आसान हुआ

मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि घग्गर नदी पर पुल का निर्माण हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा 50 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। यह पुल 360 मीटर लम्बा और 16 मीटर चौड़ा है। अब इस पुल से जीरकपुर, राजपुरा, पटियाला और मोहाली एयरपोर्ट तक पहुंचना आसान हो जाएगा। यह पुल विशेषकर, उन लोगों के लिए एक शॉर्टकट का काम करेगा, जिनको पंचकूला के साउथ सेक्टरों, जीरकपुर या फिर चंडीगढ़ के साउथ सेक्टरों की तरफ आना-जाना पड़ता है। इससे लोगों की करीब 5 से 7 किलोमीटर की दूरी कम होगी और ट्रैफिक जाम से भी राहत मिलेगी। यह पुल पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ को जोड़ने वाले पी.आर.-7 रिंग रोड का हिस्सा है। जब यह रिंग रोड बन जाएगा, तो पंचकूला ही नहीं चंडीगढ़ को भी यातायात के दबाव से मुक्ति मिल जाएगी। इससे यात्रियों को सुविधा मिलेगी। वह आसानी से पंजाब तक पहुंच सकेंगे।

### पंचकूला के घग्गर पार के सेक्टरों को जोड़ने वाला तीसरा पुल

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचकूला में घग्गर पार के सेक्टरों को जोड़ने वाला यह तीसरा पुल है। इस पुल के खुल जाने से सेक्टर-25, 26, 27, 28 और 31 के अलावा, बरवाला-रामगढ़ की तरफ से आने वाले लोगों को भी लाभ होगा। इस पुल का राष्ट्रीय राजमार्ग 5 व 7 और 152 से सीधा सम्पर्क होगा। इसलिए यह पंचकूला और आसपास के पंजाब क्षेत्र के विकास के लिए मील पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि पंचकूला के सेक्टर-28 का डिस्पेंसरी भवन 1.30 एकड़ क्षेत्र में तथा सेक्टर-31 का डिस्पेंसरी भवन 1.20 एकड़ क्षेत्र में बनाया जाएगा। यह दोनों भवन 12 महीनों में बनकर तैयार हो जाएंगे। इनके बनने से पंचकूला के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के आने के बाद पंचकूला में विकास के नित नये आयाम स्थापित हो रहे हैं।

### श्री माता मनसा देवी कॉरिडोर का निर्माण कार्य जारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में जबसे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने जन सेवा का दायित्व संभाला है। पंचकुला के साथ साथ पूरे प्रदेश की दिशा और दशा बदल गई है। हमने पिछले 10 सालों में विकास की एक नई परिभाषा लिखी है। आज हरियाणा में ट्रिपल इंजन की सरकार तिगुणी रफ्तार से काम कर रही है। उन्होंने बताया कि पंचकूला में श्री माता मनसा देवी परिसर में संस्कृत कॉलेज भवन का निर्माण कार्य 22 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है साथ ही काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर श्री माता मनसा देवी कॉरिडोर का निर्माण कार्य जारी है।

### सेक्टर-32 में शूटिंग रेंज का का निर्माण कार्य जारी

नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में पिछले 10 वर्षों में किए गए बडे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि इनमें पंचकूला सेक्टर-23 में राष्ट्रीय फैशन डिजाइन संस्थान की स्थापना 23 करोड़ 13 लाख रुपये की लागत से की गई। इसके अलावा, पंचकूला के सेक्टर-5 में 8 करोड़ रुपये की लागत से राज्य स्तरीय संग्रहालय और सेक्टर-32 में शूटिंग रेंज का निर्माण कार्य 125 करोड़ रुपये की लागत से जारी है। उन्होंने बताया कि पंचकूला के जिला नागरिक अस्पताल को 300 बिस्तरों के अस्पताल में अपग्रेड किया गया है। सेक्टर-32 में 1,200 करोड़ रुपये की लागत से मेडिकल कॉलेज व अन्य निर्माण कार्य चल रहे है।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर से मिले पंजाब के शिक्षामंत्री



चंडीगढ़। शनिवार को केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने मुलाकात की। बैंस ने केंद्रीय मंत्री से भाखड़ा-नंगल डैम म्यूजियम का शीघ्र निर्माण करवाने की मांग की। इस दौरान नेताओं ने कई अन्य योजनाओं पर भी विचार साझे किए।

## अंतरराष्ट्रीय शिष्टमंडल ने समझी हरियाणा विधानसभा की कार्यप्रणाली

चंडीगढ़। 6वें अंतरराष्ट्रीय विधायी प्रारूपण प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विदेशी शिष्टमंडल हरियाणा विधानसभा के दौरे पर है। इस शिष्टमंडल में 13 देशों के 27 प्रतिनिधि शामिल हैं, जो विश्व के विभिन्न हिस्सों से भारत की लोकतांत्रिक और विधायी प्रणाली को समझने के उद्देश्य से आए हैं और 16 से 21 अप्रैल के बीच वह हरियाणा विभान सभा की कार्यप्रणाली सीख रहे हैं। शिष्टमंडल हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण व मुख्यमंत्री नायब सिंह से मुलाकात कर चुका है। प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा विधानसभा की विभिन्न प्रमुख शाखाओं - विधान शाखा, अनुवाद शाखा, प्रश्न शाखा जैसी शाखाओं का दौरा किया और वहां की कार्यप्रणाली की विस्तार से अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जाना कि किस



प्रकार विधेयकों का प्रारूप तैयार किया जाता है, किस प्रकार विधान सभा में उनकी पड़ताल की जाती है, प्रश्न व प्रश्नोत्तर सत्रों का संचालन कैसे होता है तथा आवश्यकता के अनुरूप दस्तावेजों का अनुवाद किस तरह किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### बिजली लाइन के नीचे गैस पाइप लाइन न हो : विज

चंडीगढ़। सूबे के उर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने गुरुग्राम में गैस पाइप लाइन में लगी आग की घटना को लेकर कड़ा संज्ञान लिया और कहा कि यह गंभीर घटना है। विज ने कहा कि इस संबंध में ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने के निर्देश दिए गए है। यह कमेटी बिजली लाइन के नीचे गैस पाइप लाइन न हो तथा पूरे मानकों के साथ लाइन बिछाई गई हो, के बारे में जांच करेगी।

### एक राष्ट्र-एक चुनाव मुहिम जन आंदोलन बनी : शर्मा

चंडीगढ़। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में एक राष्ट्र-एक चुनाव को जनांदोलन बनाया है। हमें मिलकर उनके संकल्प को सिद्धि तक लेकर जाने व देश पर बार-बार चुनाव से आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक स्तर के बोझ को कम करने में अपनी भागीदारी करनी होगी। उन्होंने अपनी सहमति के साथ सदन में मौजूद प्राध्यापकों व छात्राओं से आह्वान किया तो उन्होंने भी हाथ खड़े करके पुरजोर समर्थन किया। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा शनिवार को गोहाना राजकीय कॉलेज में संबोधित कर रहे थे।

## किसानों पर टूटा आग व बारिश का कहर, मुआवजा दे सरकार: हुड्डा



चंडीगढ़ । पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने किसानों पर टूटे तूफान, बारिश और आग के कहर पर गहरी चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि किसान का अनाज कहीं भी सुरक्षित नहीं है। मंडियां गेहूं से अटी पड़ी हैं। किसान सड़कों पर अपनी फसल रखने को मजबूर हैं। सरकार ने अब तक बमुश्किल 9 लाख टन गेहूं का ही उठान किया है। जबकि उससे लगभग 4 गुना गेहूं बिकवाली व उठान के इंतजार में मंडी और सड़कों पर बिखरा पड़ा है। बावजूद इसके बीजेपी सरकार ने न बारदाने की व्यवस्था की, न तिरपाल और नाही उठान। हुड्डा ने कहा कि मौसम के पूर्वानुमान के बावजूद सरकार ने फसल को बारिश से बचने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। इसके चलते एकबार फिर बारिश किसानों की फसल पर कहर बनकर पड़ी और उसका गेहूं जलमग्न हो गया। इतना ही नहीं, तमाम परेशानियों के बाद जिन किसानों की फसल खरीदी गई है वह भी परेशान है।

## सरकारी लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे प्रदेश के किसान : सैलजा



चंडीगढ़ । सांसद सैलजा ने कहा है कि सरकार की लापरवाही का खामियाजा किसान आज तक भुगतता आ रहा है, बिजली की ढीली तारों को कसने के लिए हर साल पैसा पानी की तरह से बहाया जाता है पर गेहूं की फसलों में आग लगने का सिलसिला आज तक नहीं थमा है। शुक्रवार को प्रदेशभर में हजारों एकड़ गेहूं की फसलों में आग से करोड़ों का नुकसान हुआ। सैलजा ने कहा कि गेहूं की फसलों में आग से हर साल करोडों रुपये का नुकसान होता है, जलती हुई फसल के साथ किसानों के सारे अरमान भी स्वाह हो जाते है। अधिकतर आग लगने की वारदातें बिजली की ढीली तारों में होने वाली स्पार्किंग होती है, हर साल सरकार किसानों को आश्वासन देती है कि फसल कटाई से पहले ढीली तारों को कसवा दिया जाएगा पर आग लगने का सिलसिला कभी थमा ही क्योंकि तारों को कभी कसा ही नहीं गया, तारों की कसने का काम सिर्फ कागजों में हुआ।

## किसानों की बर्बाद हुए फसलों की गिरदावरी करवाए सरकार : अभय



चंडीगढ़। इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने शुक्रवार को धूल भरी आंधी, तूफान और बारिश से किसानों की बर्बाद हुई फसल पर गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि धूल भारी आंधी और बारिश से पंचकुला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, कैथल,जींद, करनाल, पानीपत, सोनीपत, रोहतक, झज्जर, भिवानी, फतेहाबाद और सिरसा जिलों में किसानों की लाखों टन फसल ख़राब हो गई है और किसानों का 30 लाख टन से अधिक गेहूं इन जिलों की मंडियों में मंडियों में रखा है जिसका अभी तक उठान नहीं हुआ है। वहीं गेहूं की फसल में आग लगने से हिसार में लगभग दर्जन भर एकड़, सिरसा में करीब 400 एकड़, कैथल में करीब 135 एकड़, कुरुक्षेत्र में करीब 170 एकड़ और झज्जर में लगभग 200 एकड़ मिला के लगभग 1000 से ज्यादा एकड़ में फसल पूरी तरह से जल गई। उन्होंने कहा कि सरकार बर्बाद हुई फसलों की तुरंत गिरदावरी करवाए।

## संत शिरोमणि धन्ना भगत जयंती पर कार्यक्रम आज

चंडीगढ़। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि उचाना में 20 अप्रैल को संत शिरोमणि धन्ना भगत की जयंती पर भव्य आयोजन होगा। इस आयोजन से जन-जन में संत शिरोमणि धन्ना भगत की समरस्ता एवं सेवाभाव की शिक्षाओं के प्रसार को बल मिलेगा। कृष्ण बेदी शनिवार को उचाना बस स्टैंड के पास बनाए गए समारोह स्थल का दौरा कर रहे थे। बेदी ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे जबकि राज्य सभा सांसद सुभाष बराला बतौर संयोजक शिरकत करेंगे। इस मौके पर मंत्री भी मौजूद रहेंगे।

## शिक्षक डायरी ऑनलाइन मोड में लिखने का चौतरफा विरोध, ज्ञापन सौंपा

पंचूकला। शिक्षक डायरी को ऑनलाइन मोड में लिखने को लेकर चौतरफा विरोध की शुरुआत हो गई है, इसके विरोध में ज्ञापन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पंचकूला में विभिन्न शिक्षक संगठनों ने सौंपे। हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन और राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ और डेमोक्रेटिक स्कूल टीचर एसोसिएशन, हरियाणा राजकीय अध्यापक संघ,पेंशन बहाली संघर्ष समिति,पंजाबी शिक्षक सभा पंचकूला के अलावा शिक्षक संगठनों के संयुक्त आह्वान पर शिक्षक डायरी को ऑनलाइन मोड में लिखने के विरोध में ज्ञापन दिया गया । प्रदर्शन में अध्यापकों ने हिस्सा लिया और नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि विभाग के इस आदेश के खिलाफ वे नाराज हैं, साथ ही इसके कई प्रतिकूल प्रभाव होंगे। अध्यापकों को संबोधित करते हुए हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन जिला प्रधान विकास कुमार,राजकीय प्राथमिक अध्यापक संघ के जिला प्रधान जयपाल दहिया व पेंशन बहाली संघर्ष समिति के विजेन्द्र धारीवाल ने बताया कि एमआईएस पोर्टल के माध्यम से आनलाइन लिखने के आदेश से अध्यापकों पर अनावश्यक दबाव बढ़ेगा। अध्यापक पहले भी विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी अध्यापक डायरी लिख रहे है।

## मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से की भेंट



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को हरियाणा राजभवन में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से शिष्टाचार भेंट की

**THE HARYANA STATE COOPERATIVE SUPPLY AND MARKETING FEDERATION LIMITED**
District Office Hafed, Jind Road Kaithal (HARYANA)
TEL: 01746-222626, E-Mail: dmhfdktl@hry.nic.in
HAFED

**Short Term E-TENDER Notice for Labour work at Jovial Stainless Steel, Kaithal for the period 01.04.2025 to 31.03.2027)**

The Haryana State Cooperative Supply and Marketing Federation Limited (HAFED) invites E-Tender for Labour work at Jovial Stainless Steel Godown, Kutubpur Road, Kaithal e-tenders from reputed, financially sound and experienced labour contractor firms/companies/cooperative societies for loading/unloading and handling of food grains belonging to Food Corporation of India (FCI) and storage articles, etc. in godowns and CAP storage for two years. The tender document containing details of scope of work, eligibility criteria and other terms & conditions is available on portal **https://etenders.hry.nic.in** and Hafed's website **www.hafed.gov.in**. The period of downloading of tender document & bid submission starts from **19-04-2025 at 05:00 PM** and ends at **02.00 PM on 22-04-2025** through e-Tender portal **https://etenders.hry.nic.in**. The technical bids will be opened on **22-04-2025 at 02:30 PM** at District Office, Hafed Jind Road Kaithal in the presence of the bidders or their authorized representatives, who may wish to be present.

Hafed reserve the right to reject any/all bids without assigning any reason.

Sd/- DISTRICT MANAGER, HAFED, KAITHAL

## एक दूसरे पर टालने और खुद संचालन नहीं करने के पक्ष में अफसरशाही

# विभागों के आपसी तालमेल के अभाव से समर्थ सेवा वृद्ध आश्रम योजना अधर में

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और अब केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल के वक्त में राज्य के अंदर बेहद सुंदर वृद्धआश्रम बनाए जाने की योजना बनी और इसको अमली जामा पहनाने को लेकर भी खुद पूर्व सीएम गंभीर थे। हालांकि वे इसमें दो तरह की व्यवस्था करने के पक्ष में थे, ताकि बुजुर्गों को अकेले नहीं रहना पड़ा अर्थात पैसा देकर सुख सुविधा चाहने वालों के साथ साथ में जिन बुजुर्गों के पास पैसे की कमी है, उनके लिए अलग व्यवस्था की योजना बनी थी। सूबे में इसी क्रम में वृद्धों को बेहतर स्थान प्रदान करने और सुरक्षा के लिहाज से भी बेहतर व्यवस्था 24 घंटे सीसीटीवी सहित हरियाणा समर्थ सेवा वृद्ध आश्रम की योजना तैयार की गई थी।

■ पायलट प्रोजेक्ट में यमुनानगर, गुरुग्राम, फरीदाबाद, रोहतक, हिसार व सिरसा शामिल थे

■ बाद में अन्य जिलों में खुलने से वृद्ध आश्रम

इसके तहत भवन तो सरकार ने बनाकर देना था लेकिन चलाना एनजीओ (सामाजिक संगठनों) को संचालित करना था। पूरे प्रदेशभर से प्रार्थना पत्र मांगे गए थे। इसके तहत हर जिले में डीसी की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया था, जिसमें सीएमओ सहित कई अफसर शामिल थे। संस्थाओं को लेकर भी जिला स्तर की कमेटी को ही रिपोर्ट भेजनी थी। इस क्रम में कई जिलों से रिपोर्ट भी जा चुकी हैं।

इस क्रम में सीनियर सिटिजन क्लब भी पहले से थे, यह पूर्व की कांग्रेस सरकार के वक्त से थे। अब इस सरकार में अब इन भवनों को इस्तेमाल करने की योजना तैयार थी। जिसे शुरुआत में सात जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर बनाया जाना है। इसके लिए जिले भी चिन्हित कर लिए गए थे। इस क्रम यमुनानगर, गुरुग्राम, फरीदाबाद, रोहतक, हिसार, सिरसा जैसे जिलों के नाम शामिल थे। सबसे पहले पायलट प्रोजेक्ट और बाद में सभी जिलों में इन्हें बनाने की योजना थी, लेकिन अहम योजना पर कछुआ गति से काम हुआ। यही कारण भी है कि अब मानवाधिकार आयोग की ओर से इस पर काम नहीं होने को लेकर नाराजगी जाहिर की गई है। हालांकि अलग अलग जिलों में अलग तरह के हालात हैं। उदाहरण के तौर पर पंचकूला की बात करें, तो यहां पर रेडक्रास के तहत यह एक वैकल्पिक व्यवस्था थी। सेक्टर 15 में तीन डोरमैटरी दिए गए थे, जिन्हें चलाया जा रहा है। इसमें बुजुर्गों की संख्या भी 30 से ज्यादा है।

### पंचकूला में भवन तैयार, चलाने वाले नहीं मिल रहे



40 बेड का माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड की ओर से बनाने का फैसला हुआ था। इस क्रम में भवन भी तैयार हुआ लेकिन आपरेट नहीं हो सका है, दरअसल, चलाने का पंगा है। श्राइन बोर्ड और निगम कोई चलाना नहीं चाहता। इसके लिए टेंडर भी मांगे गए थे। कोई आगे नहीं है। पंचकूला में सेक्टर 27 में 198 बैड का वृद्ध आश्रम नगर निगम पंचकूला की ओर से तैयार किया गया है, यहां पर भी टेंडर काल किया गया लेकिन आगे कोई नहीं आया। इनको लेकर दावे प्रतिदावे तो बहुत किए जा रहे हैं लेकिन संचालन नहीं हो रहा।

### मानवाधिकार आयोग की नाराजगी के बाद अफसर जुटे

हरियाणा मानवाधिकार आयोग द्वारा वृद्धाश्रम निर्माण व संचालन को लेकर नाराजगी के बाद में अब आला अफसरों ने इस दिशा में गंभीरता से विचार मंथन की शुरुआत की है। साथ ही हर जिले से अपडेट भी लिया है, कहां कहां पर भवन तैयार हैं, साथ ही कहां कहां पर निजी संस्था, एनजीओ इन्हें चला रहे हैं, इनके सामने क्या चुनौती आ रहीं हैं

### भवन तैयार भी हो जाए, पर रहने वालों का टोटा

हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने भले ही हर जिले में वृद्धाश्रम बनाने को कहा हो लेकिन जहां पर हैं, वहां लोग रहने भी नहीं आते। रेवाड़ी में पूर्व सीएम मनोहरलाल के वक्त में बना था लेकिन 200 की क्षमता वालों में केवल दर्जनभर लोग हैं। इन खर्च भी लंबा चौडा होता है, बुजुर्गों से रेवाड़ी में स्टाफ तैनात है। कुल मिलाकर बाकी कई जिलों में भी व्यवस्था तो होने में दिक्कत नहीं, कई सामाजिक संगठन चला रहे हैं लेकिन फुल क्षमता में कहीं पर भी बुजुर्ग नहीं हैं। आयोग ने भले झज्जर, पलवल, पानीपत, रोहतक और सिरसा में वृद्धाश्रमों के लिए भूखंडों की पहचान नहीं हुई लेकिन इसका दूसरा पहलू भी है। कम से कम दो एकड़ जमीन और ऊपर से इन पर पैसा भी लगना है। जिससे संगठन काम करने के लिए आगे नहीं आ पा रहे।

केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट)
**Central Institute of Petrochemicals Engineering & Technology**
(Dept. of Chemicals & Petrochemicals, Ministry of Chemicals & Fertilizers, Govt. of India)
50वां माइल स्टोन, डीसीआरयूएसटी कैम्पस, मुरथल, सोनीपत, हरियाणा- 131039
सिपेट CIPET

एआईसीटीई स्वीकृत AICTE Approved
उत्कृष्ट प्लेसमेंट रिकॉर्ड Excellent Placement Record

फोन : 0130-2203000, ईमेल : murthal@cipet.gov.in, वैबसाईट : www.cipet.gov.in
Telephone No.: 0130-2203000, E-Mail ID: murthal@cipet.gov.in, website: www.cipet.gov.in

सिपेट : डिप्लोमा स्तर के पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए प्रवेश
CIPET - Admission in Diploma Level Programmes for the academic year 2025-26

सिपेट प्रवेश परीक्षा (CAT) 2025, CIPET ADMISSION TEST-2025
Apply Online: https://cipet25.onlineregistrationform.org/CIPET/ ऑनलाइन आवेदन करें: https://cipet25.onlineregistrationform.org/CIPET/

| क्रम. संख्या Sl.No. | पाठ्यक्रम का नाम Name of Course | पाठ्यक्रम की अवधि Course Duration | प्रवेश योग्यता Entry Qualification |
|---|---|---|---|
| 01. | डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी (डी.पी.एम.टी) Diploma in Plastics Mould Technology (DPMT) | 3 वर्ष 3 year | कक्षा 10 उत्तीर्ण 10th Std. |
| 02. | डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी (डी.पी.टी) Diploma in Plastics Technology (DPT) | 3 वर्ष 3 year | कक्षा 10 उत्तीर्ण 10th Std. |
| 03. | पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग एंड टेस्टिंग (पीजीडी-पीपीटी) Post Graduate Diploma in Plastics Processing & Testing (PGD-PPT) | 2 वर्ष 2 year | विज्ञान में 3 वर्ष की डिग्री 3 year Degree in Science |
| 04. | पोस्ट डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड डिजाईन विथ कैड/कैम (पीडी - पीएमडी विथ कैड/कैम) Post Diploma in Plastics Mould Design with CAD/CAM (PD-PMD with CAD/CAM) | $1\frac{1}{2}$ वर्ष $1\frac{1}{2}$ year | मैकेनिकल/प्लास्टिक्स/पॉलीमर/टूल/टूल एवं डाई मेकिंग/उत्पादन/ मेकाट्रोनिक्स/ ऑटोमोबाईल/ पेट्रोकेमिकल्स/ औद्योगिक/ इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग/ प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा या डी.पी.एम.टी./ डी.पी.टी. या समकक्ष Diploma in Mechanical/Plastics/Polymer/Tool/Tool & Die Making/Production/Mechatronics/Automobile/ Petrochemicals / Industrial/ Instrumentation Engg./ Technology or DPMT/DPT or Equivalent |

प्रवेश योग्यता परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवार भी उपरोक्त सभी पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने योग्य हैं।
Candidates appearing for the entry qualification examination are also eligible to apply for all the above courses

कोई उम्र सीमा नहीं। छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रवास
No Age Bar | Separate Hostel Accommodation for Boys & Girls

| सिपेट प्रवेश परीक्षा (CAT) की महत्वपूर्ण तिथियां CIPET ADMISSION TEST (CAT) | | |
|---|---|---|
| | ऑनलाइन आवेदन जमा करने की शुरुआत तिथि Date of opening for CAT Online application submission | 07.02.2025 |
| | ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि Date of closure for CAT application submission | 29.05.2025 |
| | सिपेट प्रवेश परीक्षा (CAT) की तिथि Date of CAT all over India | 08.06.2025 |
| | पाठ्यक्रम शुरू करने की तिथि Commencement of courses | 14.07.2025 |

संपर्क सूत्र : 9466146015, 9066356322, 9896380485, 8950050008, 9888446869
विज्ञापन क्रमांक :-2025-26/04 www.cipet.gov.in निदेशक एवं प्रमुख

## खबर संक्षेप



सिरसा। चूरापोस्त सहित पकड़ा गया आरोपी। फोटो: हरिभूमि

### सिरसा: पुलिस ने पकड़ा चूरापोस्त से भरा कंटेनर

**सिरसा।** सीआईए ऐलनाबाद पुलिस ने डोडा चूरापोस्त से भरे एक कंटेनर से करीब 10 लाख रुपये की 2 क्विंटल 510 ग्राम डोडा चूरा पोस्त बरामद किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान बलकार पुत्र सुखदेव सिंह निवासी फुलो जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड हासिल किया गया है, और रिमांड अवधि के दौरान डोडापोस्त चूरा पोस्त तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी हासिल कर उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने दी है।

## चौपटा क्षेत्र में आग के तांडव से किसानों के अरमानों पर फिरा पानी

# रात भर जाग कर काटी, सुबह खेत में गए तो 300 एकड़ गेहूं राख

■ विधायक भरत सिंह बैनीवाल ने किसानों का दर्द जना और सरकार से मुवावजे की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चौपटा

क्षेत्र के गांव रूपाना खुर्द व लुदेसर गांव के खेतों में आग लगने से गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। आग लगने से करीबन 300 एकड़ अधिक जमीन में गेहूं जल गई। इससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ। फसल जलने से किसानों को आर्थक तौर पर काफी नुकसान हुआ है। जिन किसानों की फसल जली है अधिकतर किसानों ने ठेके पर जमीन लेकर गेहूं की बिजाई की हुई थी। आग किस कारण लगी, अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। इस दौरान ऐलनाबाद से विधायक भरत सिंह बैनीवाल ने किसानों का दर्द जना और सरकार से मुवावजे की मांग की।


सिरसा। आगजनी से हुए नुकसान का जायजा लेते विधायक। फोटो: हरिभूमि

### विधायक ने नुकसान का लिया जायजा

ऐलनाबाद के विधायक भरत सिंह बैनीवाल ने शनिवार को खेतों में पहुंचकर आग से खेतों में हुए नुकसान का जायजा लिया। ऐलनाबाद के विधायक भरत सिंह बैनीवाल ने जिन किसानों की फसल जली, उनसे बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री से फसलों के मुआवजा की मांग की जाएगी। इसके लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आज ही भेजूगा।

### ठेके पर लेकर गेहूं की बिजाई की हुई थी

गांव रूपाना व लुदेसर में जिन किसानों की फसल जली। किसानों ने बताया कि जिन किसानों की फसल जली है। उनमें अधिकतर किसानों ने ठेके पर लेकर गेहूं की बिजाई की हुई थी। गांव में 60 से 70 हजार रुपये प्रति ठेके पर एक साल के लिए ली हुई थी। अब खड़ी फसल किसानों की जल गई है। ऐसे में किसानों को भारी नुकसान हुआ है।

### इन किसानों की जली फसल

किसान मदन लाल ने बताया की 30 एकड़ जमीन पर गेहूं की बिजाई की थी, पूरी फसल आग की चपेट में आ गई। ओमप्रकाश की 5 एकड़, राय साहब की 5 एकड़, लीलूराम की 7 एकड़, हरिराम की 2 एकड़, रामस्वरूप की 5 एकड़, राजेश कुमार 3.5 एकड़, साहब राम की 10 एकड़, कृष्ण कुमार की 7 एकड़, बलजीत की 10 एकड़, रणवीर सिंह की 7 एकड़ फसल जली। इसी के साथ ब्रजलाल, राकेश कुमार, कृष्ण कुमार सहित अनेक किसानों की फसल जलकर राख हो गई।

### नहीं पहुंचा कोई अधिकारी, रोष

गांव में आग लगने से फसलों को काफी नुकसान हुआ। गांव में जिला प्रशासन का कोई अधिकारी नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों में रोष देखा गया। ग्रामीण ने बताया कि गांव में कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा। वहीं चौपटा पटवारी एसोसिएशन के प्रधान दलवीर सिंह ग्रामीणों के बीच पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि गांव में गिरदावरी करने के लिए दो पटवारी की ड्यूटी लगा दी गई है।

## सीएम नायब सिंह सैनी के समक्ष सरपंच ने उठाया था मुद्दा

# महेंद्रगढ़ के देवास गांव की बीपीएल कॉलोनी में 26 वर्ष बाद पहुंची बिजली

■ पिछली पंचायत के कार्यकाल में बिजली निगम ने गांव में खड़े किए थे पोल, तीन बार जमा करा चुके थे मीटर की सिक्योरिटी राशि

महेश कुमार ▶▶| महेंद्रगढ़

आखिरकार 26 वर्ष बाद गांव देवास की बीपीएल कॉलोनी में बिजली पहुंच गई है। बिजली निगम ने कॉलोनी में ट्रांसफार्मर लगवा दिया गया है। अब कॉलोनी के लोग कनेक्शन लेकर बिजली ले सकते है। बता दें कि महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव देवास में वर्ष 1999 में 37 बीपीएल परिवार को गांव के बाहर की तरफ रहने के लिए सौ गज के प्लाट दिए थे तथा वर्ष 2003 में 93 बीपीएल परिवारों को प्लाट आंवटित किए गए थे। वर्ष 2003 तक यहां करीब 30 परिवार रहने लग गए थे लेकिन बीपीएल प्लाट मिलने के 26 साल बाद भी यहां लोग अपने घरों में बिजली आने का इंतजार कर रहे थे। इन परिवारों ने जन्म लेने वाले बच्चों ने अभी तक अपने घरों में कभी बिजली नहीं देखी थी। कुछ युवाओं की यहां आने के बाद शादी हो गई है। लेकिन हालात नहीं बदले।


महेंद्रगढ़। कॉलोनी में बिजली पहुंचने पर खुशी मनातीं महिलाएं। फोटो: हरिभूमि

### सात वर्ष पहले कॉलोनी में लगे थे बिजली पोल

गांव देवास की बीपीएल कॉलोनी में करीब वर्ष पूर्व बिजली निगम ने बिजली के पोल भी खड़े कर दिए गए थे। करीब तीन वर्ष पूर्व ठेकेदार ने यहां कुछ पोल भी उखाड़ लिए है। इन परिवारों द्वारा तीन बार मीटर की सिक्योरिटी में जमा कराई जा चुकी थी। इसके बावजूद भी कॉलोनी के लोगों की बिजली नहीं मिल पा रहीं थी। ग्रामीण कॉलोनी में बिजली पहुंचाने की मांग को लेकर लगातार बिजली निगम के अधिकारियों के चक्कर लगा रहे थे। आखिरकार ग्रामीणों की मेहनत रंग लाई है। बिजली निगम ने कॉलोनी में बिजली ट्रांसफार्मर लगाने सहित अन्य कार्य पूरे कर दिए है।

### मुख्यमंत्री के जनसवांद कार्यक्रम में रखी थी मांग



गांव की बीपीएल कॉलोनी में करीब दो दशक से बिजली आपूर्ति नहीं हो रहीं है। बीपीएल कॉलोनी के लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। गांव बवानियां में आयोजित पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर खट्टर के जनसवांद कार्यक्रम में उन्होंने गांव समस्या रखी। सीएम के संज्ञान में मामला आने के बाद बिजली निगम के अधिकारियों गांव बिजली पहुंचाने के प्रक्रिया शुरू की थी। अब कॉलोनी में बिजली पहुंच चुकी है। **-मंजीता यादव**, गांव की सरपंच

## जल घर में मिला कस्तूरी बिलाव वन विभाग की टीम ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नेशनल हाईवे हिसार रोड पर स्थित गांव धांगड़ के जलघर में शनिवार सुबह बूस्टिंग स्टेशन में एक अजीब प्रजाति का जानवर देखा गया। ग्रामीण इसे बिज्जू मान रहे हैं। ग्रामीण इस जानवर को जहरीला बता रहे हैं। ग्रामीणों ने वन्य जीव संरक्षण विभाग को मामले की जानकारी दी है, ताकि जानवर किसी को नुकसान न पहुंचा सके। हालांकि, वन्य जीव रक्षा विशेषज्ञों ने इसे कस्तूरी बिलाव बताया है। बाद में विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर इसका रेस्क्यू किया और सुरक्षित स्थान पर छोड़ा। ग्रामीण रजनीश कुमार, विनोद कुमार, अशोक कुमार, राधेश्याम आदि ने बताया कि वह सुबह जलघर में गए हुए थे। इसी दौरान जल घर में बने थोड़े गहरे बूस्टिंग स्टेशन में यह जानवर नजर आया। ग्रामीणों ने इसे बाहर निकालने के लिए प्रयास किए


फतेहाबाद। धांगड़ जलघर में मिला कस्तूरी बिलाव। फोटो: हरिभूमि

तो इसने झपटे भी मारे। अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई सभा के प्रदेशाध्यक्ष विनोद कड़वासरा ने बताया कि यह बिज्जू नहीं बल्कि कस्तूरी बिलाव है। कड़वासरा ने बताया कि यह जहरीला नहीं होता लेकिन बचाव में किसी पर अटैक कर सकता है। वाइल्ड लाइफ इंस्पेक्टर रामकेश चोपड़ा ने बताया कि कस्तूरी बिलाव दांतों व पंजों से नुकसान पहुंचा सकता है। इसका रेस्क्यू करके गांव सालमखेड़ा में सुरक्षित जंगल क्षेत्र में छोड़ दिया गया है।

### 3 हजार करोड़ की ठगी का आरोपी कोर्ट में पेश हुआ

**फतेहाबाद।** फ्यूचर मेकर कंपनी में 3 हजार करोड़ की ठगी के मामले में आरोपी राधेश्याम उर्फ परम गुरु आज शनिवार को फतेहाबाद कोर्ट में पेश हुआ। वह एक अन्य आरोपी सुंदर सैनी के साथ गुपचुप तरीके से कोर्ट पहुंचा और हाजिरी लगाकर निकल गया। राधेश्याम के साथ-साथ उसका सहयोगी रहा फ्यूचर मेकर का एमडी बंसीलाल भी कोर्ट में हाजिर हुआ। कोर्ट ने अब केस की अगली डेट 2 अगस्त को दी है। राधेश्याम को पिछली बार कोर्ट ने बार-बार सुनवाई पर आने से बचने पर राधेश्याम को कड़ी फटकार लगाई थी। कोर्ट ने राधेश्याम के वकील को शाम 5 बजे से पहले उसको पेशी पर बोलने की चेतावनी दे डाली थी। इसके बाद राधेश्याम दोपहर बाद 4.30 बजे कोर्ट के सामने पेश हुआ था।

### बहादुरगढ़: बस की चपेट में ओन से सिक्योरिटी गार्ड की मौत

**बहादुरगढ़।** रोहद बाईपास पर बस की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। इस संबंध में आरोपी बस चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान रोहद के निवासी कृष्ण के रूप में हुई है। कृष्ण एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड थे। पुलिस को दी शिकायत में वीरेंद्र ने कहा है कि मेरे चाचा कृष्ण की लड़की और दामाद 17 अप्रैल को आए थे। शुक्रवार 18 अप्रैल को दामाद अमित को अपने घर जाना था। चाचा कृष्ण स्कूटी लेकर दामाद को छोड़ने रोहद टोल तक गए थे। स्कूटी अमित चला रहा था। अमित ने स्कूटी टोल के पास दुकान पर खड़ी कर दी। इसके बाद चाचा कृष्ण ड्यूटी पर चले गए। लौटते वक्त तेज रफ्तारी बस की चपेट में आ गए और उनकी जान चली गई। पुलिस जांच शुरू कर दी।


## प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित कार्य में लापरवाही पर कार्रवाई

# 1 जेडटीओ 4 इंस्पेक्टर और 10 क्लर्कों का वेतन रोका

■ नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास की कार्रवाई से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

हरियाणा सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार अपने कर्तव्य का पालन ना करने और प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित कार्य में लापरवाही बरतने और लोगों को कार्यालय के चक्कर कटवाने पर नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के दिशा निर्देशों पर नगर निगम फरीदाबाद के एक जेडटीओ, 4 इंस्पेक्टर और 10 क्लर्क पर विभागीय कार्रवाई करते हुए सभी के मासिक वेतन से पांच-पांच हजार रुपये काटने के निर्देश दिए गए हैं। निगम के एडिशनल कमिश्नर स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने जानकारी दी है कि हाल ही में समीक्षा के दौरान पाया गया है कि प्रॉपर्टी आईडी का कार्य करने वाले निगम के कुछ निगम के कर्मचारी सरकारी दिशा निर्देशों अनुसार कार्य न करते हुए लापरवाही कर रहे हैं और अपने कार्य के प्रति गंभीर नहीं है इसलिए यह कार्रवाई की गई है उन्होंने बताया कि शहरवासियों को प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित कार्यों के लिए निगम कार्यालय के बार-बार चक्कर कटवाना और उन्हें परेशान करने के इस मामले में उपरोक्त कार्रवाई की गई है उन्होंने हिदायत दी है कि भविष्य में भी सभी अधिकारी और कर्मचारी नगर निगम से संबंधित अथवा प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित कार्य को बेहतर ढंग से करें अन्यथा अन्य विभागीय कार्रवाई के लिए भी तैयार रहे। उपरोक्त कार्रवाई जेड़टीओ दीपा, निरीक्षक रामकिशन, निरीक्षक मीनाक्षी, निरीक्षक पंकज, निरीक्षक अनूप के अलावा क्लर्क रवि, क्लर्क अमन, क्लर्क नरेंद्र, क्लर्क तुषार मित्तल, मनजीत क्लर्क, महेश क्लर्क, क्लर्क मोनू, क्लर्क सत्येंद्र और क्लर्क जिले सिंह पर यह कार्यवाही की गई है। वेतन से यह राशि को काटने के लिए वित्तीय नियंत्रक नगर निगम फरीदाबाद को जारी कर दी गई है।



# भारत, ब्रिटेन में प्रस्तावित समझौते के लिए वार्ता अंतिम चरण की ओर: सूत्र

भाषा ▶▶| नई दिल्ली



भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत अंतिम चरण की ओर बढ़ रही है और दोनों पक्ष शेष मुद्दों को सुलझाने के लिए काम कर रहे हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय निवेश संधि में मुद्दों पर चर्चा करने के लिए ब्रिटेन की एक टीम यहां आई है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनके ब्रिटिश समकक्ष चांसलर रेचल रीव्स के बीच 13वीं मंत्रिस्तरीय भारत-ब्रिटेन आर्थिक और वित्तीय वार्ता (ईएफडी) नौ अप्रैल को पूरी हुई। इस वार्ता में उन्होंने द्विपक्षीय एफटीए पर बातचीत को जल्द पूरा करने की इच्छा और सकारात्मकता दिखाई।

सूत्रों ने संकेत दिया कि अब वार्ता का एक और पूर्ण दौर होने की संभावना नहीं है, क्योंकि चर्चाएं तेज गति से आगे बढ़ रही हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के व्यापार एवं व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने 24 फरवरी को दोनों देशों के बीच प्रस्तावित एफटीए के लिए बातचीत बहाल करने की घोषणा की। आठ महीने से अधिक समय के अंतराल के बाद बातचीत बहाल हुई। वार्ता 13 जनवरी, 2022 को शुरू हुई थी। अब तक 14 दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है। दोनों देश तीन अलग-अलग मोर्चों- एफटीए, द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) और दोहरा योगदान सम्मेलन समझौता पर सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं। प्रस्तावित भारत, यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता की प्रगति पर सूत्रों में से एक ने कहा कि दोनों एक प्रारंभिक फसल समझौते के लिए चर्चा कर रहे हैं।

सूत्र ने कहा, "सैद्धांतिक रूप से वे इसके लिए सहमत हैं।" ग्यारहवें दौर की वार्ता 12-16 मई को यहां निर्धारित है। दोनों अनिश्चित वैश्विक व्यापार वातावरण के बीच चरणों में मुक्त व्यापार समझौते को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के साथ दो चरणों में इस तरह के व्यापार समझौतों पर बातचीत करने की प्रक्रिया का

## सीतारमण यूएस, पेरू की 11 दिवसीय यात्रा पर जी 20, आईएमएफ-विश्व बैंक की बैठकों में भाग लेंगी

**नई दिल्ली (भाषा)।** वित्त मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अमेरिका और पेरू की 11 दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान जी 20 बैठकों में भाग लेंगी। इसके अलावा वह अन्य द्विपक्षीय कार्यक्रमों और आईएमएफ-विश्व बैंक की बैठक में भी शामिल होंगी। सीतारमण शनिवार रात आधिकारिक यात्रा के लिए रवाना हो रही हैं। वित्त मंत्री सैन फ्रांसिस्को स्थित शीर्ष सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) फर्मों के सीईओ के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगी। इसके अलावा वह निवेशकों के साथ गोलमेज बैठक के दौरान प्रमुख फंड प्रबंधन फर्मों के शीर्ष सीईओ के साथ भी बातचीत करेंगी। अमेरिका यात्रा के दौरान वह 20 अप्रैल को स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में हूवर इंस्टीट्यूशन में मुख्य भाषण देने के लिए सैन फ्रांसिस्को पहुंचेंगी। इसके बाद 22-25 अप्रैल तक वाशिंगटन में वह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की बैठकों, जी20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की दूसरी बैठक, विकास समिति की बैठक, आईएमएफसी की बैठक और वैश्विक संप्रभु ऋण गोलमेज (जीएसडीआर) बैठक में भाग लेंगी। इस दौरान वह अर्जेंटीना, बहरीन, जर्मनी, फ्रांस, लक्जमबर्ग, सऊदी अरब, ब्रिटेन और अमेरिका सहित कई देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगी। इसके अलावा वह यूरोपीय संघ के वित्तीय सेवाओं के आयुक्त, एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष, एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) के अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के प्रथम उप प्रबंध निदेशक से मुलाकात करेंगी।

# वैश्विक हालात के बीच आरबीआई नीतिगत कार्रवाई में 'सक्रिय और तत्पर' रहेगा: मल्होत्रा

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

■ 2025-26 के लिए 6.5 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि का अनुमान

शुल्क युद्ध के बीच भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि केंद्रीय बैंक तेजी से बदल रही वैश्विक परिस्थितियों पर लगातार नजर रखेगा और अपनी नीतिगत कार्रवाई में 'सक्रिय और तत्पर' बना रहेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय बाजारों ने उल्लेखनीय लचीलापन दिखाया है। साथ ही मल्होत्रा ने आगाह किया कि अर्थव्यवस्था और वित्तीय बाजार ''अस्थिर वैश्विक वातावरण की अनिश्चितताओं से अछूते नहीं हैं।'' उन्होंने शुक्रवार को बाली में 24वें एफआईएमएमडीए-पीडीएआई वार्षिक सम्मेलन में कहा, ''तेजी से बदल रही वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए हम लगातार आर्थिक परिदृश्य की निगरानी और आकलन कर रहे हैं।हम हमेशा की तरह नीतिगत मोर्चे पर अपनी कार्रवाई में सक्रिय और तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि वृद्धि-मुद्रास्फीति संतुलन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और मुद्रास्फीति भी सहनशील दायरे के भीतर है। गवर्नर ने कहा कि इसके बावजूद वैश्विक अनिश्चितताएं और मौसम की गड़बड़ी मुद्रास्फीति के लिहाज से जोखिम पैदा कर सकती है। उन्होंने कहा, ''भले ही हमने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 6.5 प्रतिशत वास्तविक जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाया है, लेकिन भारत अभी भी सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। फिर भी यह हमारी उम्मीद से काफी कम है। हमने दो बार रेपो दरों में कटौती की है और पर्याप्त नकदी दी है।भारतीय वित्तीय बाजारों के बारे में गवर्नर ने कहा कि विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार, सरकारी प्रतिभूतियां और मुद्रा बाजार सहित सभी बाजार खंड काफी हद तक स्थिर रहे हैं।उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले रुपया थोड़ा दबाव में आया था। लेकिन उसके बाद इसका प्रदर्शन बेहतर रहा और इसने कुछ हद तक खोई हुई जमीन वापस पा ली।

## अमित शाह 22 अप्रैल को 'सेव अर्थ कॉन्क्लेव' का उद्घाटन करेंगे

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को जलवायु परिवर्तन के असर को कम करने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में बांस की उपयोगिता का पता लगाने के लिए 'सेव अर्थ कॉन्क्लेव' का उद्घाटन करेंगे। महाराष्ट्र में पर्यावरण एवं सतत विकास के लिए मुख्यमंत्री के कार्यबल की अध्यक्ष पाशा पटेल ने बताया कि शाह इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे, जिसका आयोजन फीनिक्स फाउंडेशन संस्था, लातूर और 'इंडियन चैंबर ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर' द्वारा किया जा रहा है। पटेल ने यहां संवाददाताओं को बताया कि सम्मेलन में देश भर से करीब 1,200 प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव भी 22 अप्रैल को यहां एनएएससी कॉम्प्लेक्स में एक दिवसीय सम्मेलन में अलग-अलग सत्रों को संबोधित करेंगे।

# एचडीएफसी बैंक का लाभ मार्च तिमाही में सात प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई (भाषा)।** एचडीएफसी बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में सात प्रतिशत बढ़कर 18,835 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, कंपनी ने शनिवार को आवास और कॉरपोरेट ऋण खंडों में मूल्य निर्धारण से जुड़े मुद्दों पर चिंता जताई, जिससे उसकी ऋण वृद्धि प्रभावित हो रही है।एकल आधार पर, निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता ने समीक्षाधीन तिमाही के लिए 17,616 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 16,512 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान शुद्ध ब्याज आय 10.3 प्रतिशत बढ़कर 32,070 करोड़ रुपये हो गई, जबकि शुद्ध ब्याज मार्जिन मामूली रूप से बढ़कर 3.5 प्रतिशत हो गया तथा सकल अग्रिम वृद्धि 5.4 प्रतिशत रही। एचडीएफसी बैंक के मुख्य वित्तीय अधिकारी श्रीनिवासन वैद्यनाथन ने




कहा कि बैंक ने जानबूझकर ऋण वृद्धि को धीमा करने और वित्त वर्ष के लिए देनदारियों पर ध्यान केंद्रित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि जमा वृद्धि 15 प्रतिशत से अधिक रही है।

उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि इससे बैंक को मार्च में अपने ऋण जमा अनुपात को एक साल पहले की समान अवधि के 104 प्रतिशत से कम करके 96 प्रतिशत करने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 में इस प्रमुख संख्या को और कम करके विलय-पूर्व स्तर 85-90 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य है। पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में ऋण वृद्धि बैंकिंग प्रणाली के 11 प्रतिशत से कम है। वैद्यनाथन ने कहा कि बैंक का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष (2025-26) में प्रणाली के बराबर ऋण बढ़ाना है और अगले वित्त वर्ष में बाजार हिस्सेदारी हासिल करने के लिए प्रणाली से आगे निकलने के लिए इसमें तेजी लाना है। हालांकि, अधिकारी ने कहा कि बैंक को मूल्य निर्धारण के मोर्चे पर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण वह कुछ ऋण प्रस्तावों से दूर रह रहा है। उन्होंने विशेष रूप से गृह ऋण का उल्लेख किया, जो कुल 26.43 लाख करोड़ रुपये के खाते का 30 प्रतिशत है।उन्होंने बताया कि प्रतिद्वंद्वियों द्वारा 'तीव्र' मूल्य निर्धारण के कारण इसके संवितरण में 20 प्रतिशत तक की गिरावट आई है।

# क्या कृत्रिम मिठास हमारे स्वास्थ्य के लिए ठीक है? वर्तमान साक्ष्य क्या कहते हैं, जानिए

■ 'कृत्रिम मिठास' 'डोपामाइन सिस्टम' को उत्तेजित नहीं करती,' सुक्रालोज़ (यह मात्रा शीतल पेय के दो कैन में मौजूद चीनी के बराबर होती है

**कैंब्रिज (द कन्वरसेशन)** । उत्तरोत्तर खाद्य पदार्थों में चीनी की मात्रा कम करने तथा उनका आकर्षक स्वाद बरकरार रखने के लिए उनमें 'कृत्रिम मिठास (आर्टिफिशियल स्वीटनर)' मिलायी जा रही है। लेकिन एक उभरते अनुसंधान संगठन ने कहा है कि ये गैर-पोषक 'मिठास (स्वीटनर)' हमेशा स्वास्थ्यवर्धक और सुरक्षित विकल्प नहीं हो सकती हैं। तो अगर हम चीनी खाने के नुकसान के बिना मीठे स्वाद वाले खाद्य पदार्थों का आनंद लेना चाहते हैं तो हमारा सबसे अच्छा विकल्प क्या है? 'कृत्रिम मिठास' मूल रूप से मीठे स्वाद को महसूस करने वाले हमारे संवेदी मार्ग को उत्तेजित करने के लिए रसायनों के रूप में विकसित की गई है। चीनी के अणुओं की तरह, ये 'मिठास' सीधे हमारे मुंह में स्वाद संवेदकों पर कार्य करती हैं। वे शरीर को एक तंत्रिका संकेत भेजकर ऐसा करती हैं कि उच्च कार्बोहाइड्रेट वाले खाद्य स्रोत का सेवन किया गया है - वे शरीर को ऊर्जा के वास्ते उसे उपयोग करने के लिए तोड़ने के लिए कहती हैं। चीनी के सेवन की स्थिति में, यह हमारे 'डोपामिनर्जिक सिस्टम' को भी उत्तेजित करती है। यह (डोपामिनर्जिक सिस्टम) मस्तिष्क का वह हिस्सा है जो प्रेरणा और इनाम के लिए जिम्मेदार है, जो चीनी की लालसा से जुड़ा हुआ है। जैव विकास की दृष्टि से, इसका मतलब है कि हम ऊर्जा के स्रोत के लिए और अपना अस्तित्व सुनिश्चित करने के लिए चीनी की अधिक मात्रा वाले भोजन की तलाश करने के लिए तैयार हैं। हालांकि, चीनी का अत्यधिक सेवन चयापचय संबंधी व्यवधान जैसी स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म देता है, जो मोटापे और मधुमेह का कारण बन सकता है। इसी तरह, जब चीनी के बजाय 'कृत्रिम मिठास' इस उत्तेजना का कारण बनती है, तो इसी तरह के चयापचय असंतुलन के उत्तरोत्तर सबूत सामने आते हैं। यह इस तथ्य के बावजूद होता है कि 'कृत्रिम मिठास' 'डोपामाइन सिस्टम' को उत्तेजित नहीं करती है। दरअसल, इस वर्ष के प्रारंभ में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चला है कि 'सुक्रालोज़ (यह मात्रा शीतल पेय के दो कैन में मौजूद चीनी के बराबर होती है)' का सेवन करने के दो घंटे के भीतर, प्रतिभागियों में शारीरिक भूख की प्रतिक्रिया बढ़ गई। अनुसंधान में 'हाइपोथैलेमस' में रक्त प्रवाह को मापा गया। 'हाइपोथैलेमस' हमारे मस्तिष्क का वह क्षेत्र है जो भूख नियंत्रण के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने (अनुसंधानकर्ताओं ने) पाया कि 'सुक्रालोज' मस्तिष्क के इस क्षेत्र में रक्त प्रवाह को बढ़ाता है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## सरकार ने तीर्थयात्रियों, ऑनलाइन धोखाधड़ी के प्रति सतर्क किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आने वाले भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने ऑनलाइन बुकिंग के जरिये विशेष रूप से चार धाम तीर्थयात्रियों और देशभर में पर्यटकों को निशाना बनाकर धोखाधड़ी करने वालों के प्रति लोगों से सतर्क रहने को कहा है। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ये धोखाधड़ी फर्जी वेबसाइट, भ्रामक सोशल मीडिया पेज, फेसबुक पोस्ट और गूगल विज्ञापनों के जरिए की जा रही हैं। इस तरह की धोखाधड़ी करने के लिए पेशेवर दिखने वाली फर्जी वेबसाइट तथा सोशल मीडिया प्रोफाइल और व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाती हैं। बयान के अनुसार, केदारनाथ के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग, चार धाम तीर्थयात्रियों के लिए अतिथि गृह और होटल बुकिंग, ऑनलाइन कैब या टैक्सी बुकिंग, 'होलीडे पैकेज' और धार्मिक यात्राओं के नाम पर लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। मंत्रालय ने बयान में कहा कि लोगों को अत्यधिक सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। बयान के अनुसार, ''कोई भी भुगतान करने से पहले हमेशा वेबसाइट की प्रामाणिकता की पुष्टि करें। गूगल, फेसबुक या व्हॉट्सऐप पर प्रायोजित या अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से पहले सत्यापित करें।

## भारत ने समुद्री मार्ग से अमेरिका को अनार की पहली खेप निर्यात की

**नई दिल्ली (भाषा)।** वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि भारत ने पहली बार समुद्री मार्ग से अमेरिका को 14 टन अनार का निर्यात किया है। पारंपरिक रूप से निर्यात हवाई मार्ग से किया जाता था। अब उद्योग लागत प्रभावी और टिकाऊ समुद्री माल ढुलाई को अपना रहा है। आधिकारिक बयान के अनुसार भारत ने पिछले महीने 4,620 बक्से या लगभग 14 टन अनार भेजे। यह खेप अमेरिका के पूर्वी तट पर पहुंची। अमेरिका ने 2023 के सत्र के दौरान अनार के लिए बाजार पहुंच दी थी।

## शिपकी-ला के जरिए कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने का मुद्दा केंद्र के समक्ष उठाएंगे : सुक्खू

**हिमाचल।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार किन्नौर जिले में शिपकी-ला के जरिए कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने का मुद्दा केंद्र सरकार के समक्ष उठाएगी। सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार केंद्र सरकार से विभिन्न सैन्य और अर्धसैनिक बलों की इनर-लाइन चौकियों को समाप्त करने का भी आग्रह करेगी, जो वर्तमान में पर्यटकों के लिए परमिट संबंधी बाधाएं पैदा करती हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने यहां मध्य कमान, लखनऊ के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता के साथ बैठक के दौरान यह बात कही। मुख्यमंत्री ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) तक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सेना तथा अन्य अर्धसैनिक बलों के साथ सहयोग और सहभागिता की मांग की।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

# जेईई मेन 2025 परिणामएलन कोटा के क्लासरूम स्टूडेंट ओमप्रकाश बेहरा ने 300 में से 300 परफेक्ट स्कोर के साथ आल इंडिया रैंक-1 टॉप किया

**नई दिल्ली।** कोटा कोचिंग की बदौलत राजस्थान रिजल्ट में टॉप पर, राजस्थान के 100 पर्सेन्टाइल 7 स्टूडेंट्स में से 6 एलन कोटा के क्लासरूम स्टूडेंट्सदेश के 100 पर्सेन्टाइल 24 स्टूडेंट्स में से एलन के सर्वाधिक 11 स्टूडेंट्स परिणामों में टॉप-100 ऑल इंडिया रैंक में एलन के 31 स्टूडेंट्स कोटा. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से घोषित जेईई-मेन अप्रैल रिजल्ट और आल इंडिया रैंक में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स ने श्रेष्ठता साबित की है। अब तक देखे गए परिणामों में टॉप-100 में एलन के 31 स्टूडेंट्स शामिल हैं। इनमें आल इंडिया रैंक-1 पर कोटा क्लासरूम स्टूडेंट




ओमप्रकाश बेहरा ने प्राप्त की है। एलन के निदेशक डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि एनटीए की ओर से जारी परिणामों में 24 स्टूडेंट्स ने 100 पर्सेन्टाइल स्कोर प्राप्त किया है। इसमें से 11 स्टूडेंट्स एलन से हैं। ऐसे में हर दूसरा स्टूडेंट एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट से है। इसके साथ ही सबसे अधिक 7 स्टूडेंट्स राजस्थान से हैं, इन 7 में से 6 एलन कोटा के क्लासरूम स्टूडेंट्स हैं। इन स्टूडेंट्स में ओमप्रकाश बेहरा को आल इंडिया रैंक-1, सक्षम जिंदल ने एआईआर-10, अर्नव सिंह ने एआईआर-11, राजित गुप्ता ने एआईआर-16, मोहम्मद अनस ने एआईआर-17, लक्ष्य शर्मा-एआईआर-22 हासिल की है। इसके साथ टॉप-100 पर्सेन्टाइल के 24 स्टूडेंट्स में पश्चिम बंगाल के 2, महाराष्ट्र के 3, कर्नाटक का 1, तेलंगाना के 3, गुजरात के 2, दिल्ली के 2, उत्तर प्रदेश के 3, आंध्र प्रदेश के 1 स्टूडेंट ने जगह बनाई।अब तक देखे गए परिणामों में टॉप-100 में 31 स्टूडेंट्स एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट से हैं। इनमें ओमप्रकाश के साथ देवदत्ता माझी ने भी आल इंडिया रैंक-1 प्राप्त की है, देवत्ता एलन से ऑनलाइन टेस्ट सीरीज से जुड़ी हैं।

## पंजाब सरकार बीटी कपास संकर बीजों पर 33 प्रतिशत सब्सिडी देगी

**चंडीगढ़ (भाषा)।** पंजाब सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने राज्य में फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के अपने कदम के तहत बीटी कपास संकर बीजों पर 33 प्रतिशत सब्सिडी देने का फैसला किया है। यह सब्सिडी उन बीजों पर दी जाएगी, जिनकी सिफारिश पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पीएयू), लुधियाना द्वारा की गई है। कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने कहा कि सब्सिडी कार्यक्रम के लिए 20 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है और इस कदम से कपास उत्पादकों पर वित्तीय बोझ कम होगा, साथ ही गैर-अनुशंसित संकर कपास की खेती को हतोत्साहित किया जाएगा।

**COURT NOTICE**
**(U/O 5 Rule 20 CPC)**
**(UNDER GUARDIAN AND WARD ACT)**
**IN THE COURT OF Ms. Arya Sharma**
**Additional Principal Judge, Family Court, Maham**

Kamlesh wd/o Dilbag R/o Nindana Tehsil Meham District Rohtak

Vs.

1. Central Bank of India at Rindhana Tehsil Gohana Sonipat
2. State Bank of India at VPO Gharwal PO Rindhana Tehsil Gohana District Sonipat
3. Department of Social Justice and Empowerment, Government of Haryana through District Social Welfare Officer, Rohtak
4. Genral Public

GW-2-2024
CNR No. HRRHF2-000065-2024
Next Date:-11-07-2025

NOTICE TO:
Genral Public

In above titled petition the respondent(s) could not be served. It is ordered that the Respondent(s) should appear in person or through counsel on 11-07-2025 at 10.00 A.M.

For more details logon: https://districts.ecourts.gov.in/rohtak

Sd/- Arya Sharma
Additional Principal Judge, Family Court Camp Court at Meham (Rohtak)
Dated, this day of 18-04-2025

## शब्द पहेली - 5842



**बाएँ से दाए**

1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल (उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4


**ऊपर से नीचे**

2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

■ मंगल सैनथा, बैंगलोर

**शब्द पहेली - 5841 का हल**








# चेन्नई के खिलाफ आज जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में मुंबई इंडियंस

एजेंसी ▸▸ मुंबई

चेन्नई सुपर किंग्स की खराब फॉर्म इंडियन प्रीमियर लीग के 'क्लासिको (सबसे ज्यादा प्रतिद्वंद्विता वाला मैच)' की चमक को कम कर सकती है, लेकिन मुंबई इंडियंस के लिए रविवार को यहां अपनी जीत की लय बरकरार रखने के लिए रणनीति बदलने की चुनौती होगी।

मुंबई ने शुरुआती मैचों की निराशा को पीछे छोड़ते हुए अपने पिछले दो मैचों में दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद को मात देकर अच्छी वापसी की है। हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली टीम तालिका में सातवें पायदान पर है और वह मौजूदा सत्र में जीत की हैट्रिक लगाने के साथ सत्र के अपने पहले मैच में इस टीम से मिली हार का बदला चुकता करना चाहेगी।



### स्पिनरों से पार पाना मुश्किल

मुंबई इंडियंस को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ स्पिनरों की मददगार पिच पर खेलना टीम के लिए जोखिम भरा हो सकता है। चेन्नई के पास शानदार लय में चल रहे खब्बू स्पिनर नूर अहमद के अलावा अनुभवी रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन का भी विकल्प है। नूर ने सात मैचों में 12 विकेट लिए है, जिसमें मुंबई के खिलाफ शुरुआती मैच में तीन सफलता शामिल है।

### मुंबई का पलड़ा भारी

चेन्नई के खिलाफ सत्र का पहला मैच गंवाने के बावजूद मौजूदा फॉर्म के आधार पर मुंबई का पलड़ा भारी है। रोहित शर्मा ने अभी तक बड़ा स्कोर नहीं बनाया है, लेकिन सनराइजर्स के खिलाफ उनकी तेज शुरुआत ने टीम को बिना किसी दबाव के लक्ष्य का पीछा करने की आजादी दी। तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी दिखी है लेकिन रयान रिकेल्टन ने शीर्ष क्रम में अच्छा योगदान दिया है। विल जैक्स के हरफनमौला खेल ने सनराइजर्स की जीत में अहम भूमिका अदा की थी।



### पंजाब के खिलाफ आरसीबी को करना होगा बेहतर प्रदर्शन

मुल्लांपुर। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को अगर इंडियन प्रीमियर लीग में अपना अभियान वापस पटरी पर लाना है तो पंजाब किंग्स के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले मैच में उसके बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। पंजाब के खिलाफ शुक्रवार को बेंगलुरु में खेले गए मैच में टिम डेविड को छोड़कर आरसीबी का कोई भी बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया और टीम को पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। आरसीबी के पास फिल साल्ट, विराट कोहली, कप्तान रजत पाटीदार और लियाम लिविंगस्टोन जैसे धाकड़ बल्लेबाज हैं लेकिन उनके पास वापसी करने का बहुत कम समय है। पाटीदार ने बेंगलुरु में पंजाब के हाथों पराजय के लिए बल्लेबाजों की नाकामी को जिम्मेदार ठहराया था।

खास खबर

## भारतीय टीम से छुट्टी होने के बाद कोलकाता से जुड़े नायर

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के बीच बीसीसीआई ने सहायक कोच अभिषेक नायर को आठ महीने के कार्यकाल के बाद ही बाहर का रास्ता दिखा दिया था। टीम इंडिया से बाहर होने के कुछ दिनों बाद ही अभिषेक नायर को नई नौकरी मिल गई है। दरअसल, पिछले सीजन की विजेता कोलकाता नाइटराइडर्स ने अभिषेक नायर को अपने साथ जोड़ लिया है। वह असिस्टेंट कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। कोलकाता नाइटराइडर्स ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी शेयर की है। केकेआर ने एक्स पर अभिषेक नायर की एक तस्वीरे शेयर की है। इसमें वह कोलकाता की जर्सी में नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही कैप्शन में लिखा गया, घर वापस आने पर आपका स्वागत है। नायर पहले भी कोलकाता की कोचिंग स्टाफ का हिस्सा रहे हैं।



### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 7 | 5 | 2 | 10 |
| दिल्ली | 7 | 5 | 2 | 10 |
| पंजाब | 7 | 5 | 2 | 10 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 |
| बेंगलुरु | 7 | 4 | 3 | 8 |
| कोलकाता | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 |
| राजस्थान | 8 | 2 | 6 | 4 |
| हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 |
| चेन्नई | 7 | 2 | 5 | 4 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
357 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
14 विकेट
गुजरात

### खबर संक्षेप

#### छेत्री ने किया 39 संभावित खिलाड़ियों का चयन



**नई दिल्ली।** भारत की सीनियर महिला फुटबॉल टीम के मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री ने जून-जुलाई में होने वाले एएफसी एशियाई कप 2026 क्वालीफायर से पहले राष्ट्रीय शिविर के लिए शनिवार को 39 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की। भारतीय महिला टीम 23 जून से पांच जुलाई तक थाईलैंड के चियांग माई में एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर खेलने के लिए तैयार है। टीम को ग्रुप बी में रखा गया है जहां उनका सामना मेजबान थाईलैंड, मंगोलिया, तिमोर-लेस्ते और इराक से होगा। सीनियर महिला टीम का शिविर एक मई को बेंगलुरु के 'पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस' में शुरू होगा।

#### सौरभ उम्मीदों और लक्ष्यों को लेकर चिंतित नहीं

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दो साल के अंतराल के बाद वापसी कर रहे भारतीय पिस्टल निशानेबाज सौरभ चौधरी ने कहा कि वह पदक जीतने, लक्ष्य निर्धारित करने और उम्मीदों को पूरा करने के लिए अपनी नींद गंवाने की जगह कदम दर कदम आगे बढ़ना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि वह अतीत में भी इन चीजों को लेकर परेशान नहीं थे। भारतीय निशानेबाजी में सबसे तेजी से उभरते युवा से लेकर खराब फॉर्म के कारण गुमनामी में जाने तक इस 22 साल के निशानेबाज ने कम समय में करियर में बड़ा उतार चढ़ाव देखा है।



#### नए खिलाड़ियों को आजमाएगा सीएसके

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि पांच बार की विजेता टीम के इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में मुश्किल स्थिति में होने की बात को स्वीकार करते हुए कहा कि अगर अगले दो मैच योजना के अनुसार नहीं होते हैं तो टीम आईपीएल के दूसरे भाग में अनुभवी खिलाड़ियों की जगह नए चेहरों को लाने में संकोच नहीं करेगी। चेन्नई की टीम सात मैचों में दो जीत के साथ अंक तालिका में आखिरी पायदान पर है। चेन्नई को हालांकि अनुभवी खिलाड़ियों को मौका देने के लिए जाना जाता है।

## आईपीएल : टाइटन्स ने कैपिटल्स को सात विकेट से हराया

# कृष्णा का 'चौका', बटलर के नाबाद अर्धशतक से शीर्ष पर पहुंचा गुजरात

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

गुजरात टाइटन्स प्रसिद्ध कृष्णा (चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद जोस बटलर (नाबाद 97 रन) के अर्धशतक की मदद से शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से हराकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। गुजरात टाइटन्स, दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के 10-10 अंक हैं लेकिन बेहतर नेट रन रेट से शुभमन गिल की अगुआई वाली टीम पहले स्थान पर पहुंच गई।

जीत के लिए 204 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बटलर और शेरफाने रदरफोर्ड (43 रन) ने गुजरात टाइटन्स के लिए तीसरे विकेट के लिए 69 गेंद में 119 रन की रिकॉर्ड साझेदारी बनाई। घरेलू टीम के लिए इससे पहले तीसरे विकेट के लिए साझेदारी का रिकॉर्ड 90 रन का था। बटलर ने 54 गेंद की पारी के दौरान 11 चौके और चार छक्के जड़े जबकि रदरफोर्ड ने 34 गेंद में एक चौके और तीन छक्के जड़े। बटलर अपना शतक पूरा नहीं कर सके क्योंकि अंतिम ओवर में राहुल तेवतिया ने मिचेल स्टार्क की पहली गेंद पर डीप मिडविकेट पर छक्का जड़ा और अगली गेंद पर चौका जड़कर चार गेंद रहते जीत दिलाई।



### गेंदबाजों ने कसी लगाम

कृष्णा के चार विकेट लेने के बावजूद अच्छी शुरुआत से बड़े स्कोर की ओर बढ़ती हुई दिल्ली कैपिटल्स की टीम आठ विकेट पर 203 रन ही बना सकी। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद टीम कई मौकों पर बड़े स्कोर की ओर बढ़ती दिख रही थी लेकिन घरेलू टीम के गेंदबाजों ने हर मौके पर वापसी करते हुए उसके बल्लेबाजों पर लगाम कसी। कप्तान अक्षर पटेल ने 39 रन और आशुतोष शर्मा ने 37 रन का योगदान दिया। ट्रिस्टन स्टब्स और करूण नायर ने 31-31 रन बनाए।



### सिराज ने पहले ओवर में लुटाए 16 रन

गुजरात टाइटन्स के लिए मोहम्मद सिराज ने अपने पहले ओवर में 16 रन लुटाए जबकि दूसरे स्पैल के दो ओवर में 14 रन देकर एक विकेट झटका। अनुभवी तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने तीन ओवर में 19 रन देकर एक विकेट प्राप्त किया। स्पिनर साई किशोर ने बस अंतिम ओवर डाला जिसमें उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स को महज नौ रन बनाने दिए और एक विकेट आशुतोष शर्मा के रूप में लिया। अगर आशुतोष डटे रहते तो यह स्कोर बड़ा हो सकता था।

### राहुल के सबसे तेज 200 छक्के

नई दिल्ली। आईपीएल के 18वें सीजन में केएल राहुल का बल्ला लगातार रन उगल रहा है। वह दिल्ली कैपिटल्स के मिडिल ऑर्डर के रीढ़ हड्डी बन गए हैं। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ केएल राहुल ने एक खास उपलब्धि हासिल की। केएल राहुल ने आईपीएल में 200 सिक्स जड़ने का कमाल किया। वह सबसे कम पारियों में 200 सिक्स पूरा करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं।

### स्कोर बोर्ड

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पोरेल का सिराज बो अरशद | 18 | 09 | 3 | 1 |
| नायर का अरशद बो कृष्णा | 31 | 18 | 2 | 2 |
| राहुल पगबाधा बो कृष्णा | 28 | 14 | 4 | 1 |
| अक्षर का बटलर बो कृष्णा | 39 | 32 | 1 | 2 |
| स्टब्स का कृष्णा बो सिराज | 31 | 21 | 2 | 1 |
| आशुतोश का सब बो किशोर | 37 | 19 | 2 | 3 |
| निगम का बटलर बो कृष्णा | 00 | 01 | 0 | 0 |
| फरेरा का किशोर बो ईशांत | 01 | 03 | 0 | 0 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 02 | 02 | 0 | 0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 04 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 20 ओवर में 203/8
गेंदबाजी : सिराज 4-0-47-1, अरशद 4-0-46-1, कृष्णा 4-0-41-4, राशिद 4-0-38-0, ईशांत 3-0-19-1, साई किशोर 1-0-9-1.

| गुजरात टाइटन्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का स्टब्स बो कुलदीप | 36 | 21 | 5 | 1 |
| शुभमन गिल रन आउट | 07 | 05 | 1 | 0 |
| जोस बटलर नाबाद | 97 | 54 | 11 | 4 |
| रदरफोर्ड का स्टार्क बो मुकेश | 43 | 34 | 1 | 3 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 11 | 03 | 1 | 1 |

अतिरिक्त : 10, कुल : 19.2 ओवर में 204/3
गेंदबाजी : स्टार्क 3.2-0-49-0, मुकेश 4-0-40-1, अक्षर 2-0-18-0, निगम 4-0-34-0, कुलदीप 4-0-30-1, मोहित 2-0-28-0.



## आवेश ने जाइंट्स को रॉयल्स पर दो रन की जीत दिलाई

एजेंसी ▸▸ जयपुर

तेज गेंदबाज आवेश खान की डेथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी से लखनऊ सुपर जाइंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जोरदार वापसी करते हुए दो रन से जीत दर्ज की। सुपर जाइंट्स के 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए, सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की 52 गेंद में चार छक्कों और पांच चौकों से 74 रन की पारी की बदौलत रॉयल्स की टीम एक समय दो विकेट पर 156 रन बनाकर बेहद मजबूत स्थिति में थी लेकिन आवेश (37 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने पांच विकेट पर 178 रन ही बना सकी। जायसवाल ने वैभव सूर्यवंशी (34) के साथ पहले विकेट के लिए 85 और कप्तान रियान पराग (39 रन, 26 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 62 रन जोड़े लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। आवेश ने 18वें ओवर में जायसवाल और पराग दोनों को आउट करके मैच का रुख सुपर जाइंट्स के पक्ष में मोड़ा। लखनऊ सुपर जाइंट्स ने इससे पहले एडेन मारक्रम की 45 गेंद में तीन छक्कों और पांच चौकों से 66 रन की पारी और आयुष बडोनी (50 रन, 34 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) के साथ चौथे विकेट की उनकी 76 रन की साझेदारी से पांच विकेट पर 180 रन बनाए। अब्दुल समद (नाबाद 30, 10 गेंद) ने पारी के अंतिम ओवर में संदीप शर्मा (51 रन पर एक विकेट) पर चार छक्कों से 27 रन जोड़े। रॉयल्स की ओर से वानिंदु हसरंगा सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 31 रन देकर दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स ने सूर्यवंशी को इंपैक्ट प्लेयर के रूप में जायसवाल के साथ पारी का आगाज करने भेजा। सूर्यवंशी 14 साल और 23 दिन की उम्र में आईपीएल में पदार्पण करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने।

### कैथल के एडीसी ने 8 तैराकों की टीम के साथ हासिल की उपलब्धि

## रामसेतु के साथ-साथ 28 किलोमीटर रिले तैराकी सफलतापूर्वक की पूरी



कैथल। तैराकी टीम के साथ कैथल के एडीसी दीपक बाबू लाल करवा।

- प्रशासनिक व्यस्तताओं के बावजूद हासिल की उपलब्धि
- प्रदेश व जिले का नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

देश भर से आठ तैराकों की एक टीम ने श्रीलंका और भारत को जोड़ने वाली पाक जलडमरूमध्य में रामसेतु के साथ-साथ 28 किलोमीटर रिले तैराकी सफलतापूर्वक पूरी की। जिले के लिए गर्व की बात है कि कैथल जिला के एडीसी दीपक बाबूलाल करवा भी इस टीम का हिस्सा रहे। अर्जुन अवार्डी एवं पैरालिंपियन प्रशांत करमाकर की अगुआई में इस टीम ने 18 अप्रैल को तलाईमन्नार (श्रीलंका) से धनुष्कोडी (भारत) तक की दूरी आठ घंटे 30 मिनट में तैरकर पूरी की। तैराकी सुबह 5:50 बजे शुरू हुई और दोपहर 2:20 बजे समाप्त हुई। इस तैराकी का आधिकारिक निरीक्षण भारतीय तैराकी महासंघ के विजय कुमार के माध्यम से किया गया। जिससे खुले पानी में तैराकी के मानकों का पालन सुनिश्चित हुआ। युवा तैराकों में प्रशांत करमाकर (पैरालिंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता), आईएएस अभिनव गोपाल (उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में मुख्य विकास अधिकारी), आईएएस दीपक बाबूलाल करवा (हरियाणा के कैथल जिले के एडीसी), मुरीगेप्पा चन्ननवर (कर्नाटक पुलिस अधिकारी), राबिन (प्रमुख टीटी रेलवे पश्चिम बंगाल), अमन शानबाग (कर्नाटक के एक एमबीबीएस छात्र), राजवीर सिंह (महेंद्रगढ़ के एक पैरा-खिलाड़ी), चरखी दादरी के रहने वाले युवा एथलीट इशांत सिंह शामिल हैं। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने कहा कि पौराणिक राम सेतु के किनारे तैरते हुए, इस तैराकी से उन्होंने फिट इंडिया मूवमेंट का समर्थन, साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देना, भगवान राम में धार्मिक और सांस्कृतिक आस्था का सम्मान करना, तैराकी को प्रोत्साहित करना और भारत की विविधता में एकता का जश्न मनाना आदि शक्तिशाली संदेश दिए हैं।

### पाक जलडमरूमध्य को पार करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य

अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा ने कहा कि पाक जलडमरूमध्य को पार करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। इस रिले तैराकी में आठ तैराकों ने बारी-बारी से दूरी तय की। उन्होंने कहा कि इस तैराकी ने न केवल तैराकों की शारीरिक क्षमता का पता लगा, बल्कि सहयोग और साझा राष्ट्रीय भावना की ताकत को भी दिखाया। इस सफलता के बाद यह टीम अब जून 2025 में रिले प्रारूप में इंग्लिश चैनल पार करने की तैयारी कर रही है।

## सुपर कप के पहले मैच में ईस्ट बंगाल का सामना केरल से आज

**भुवनेश्वर।** गत चैंपियन ईस्ट बंगाल की टीम रविवार को यहां कलिंगा सुपर कप के उद्घाटन मैच में केरल ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ मैदान में उतरेगी। उसकी कोशिश 15 टीम वाले इस टूर्नामेंट में अपनी ट्रॉफी बरकरार रखने के साथ अगले सत्र के एएफसी चैंपियंस लीग 2 के लिए एकमात्र उपलब्ध स्थान को हासिल करने की होगी। इस टूर्नामेंट के पिछले दो सत्र में ग्रुप चरण के बाद सेमीफाइनल हुआ था लेकिन इस सत्र में 2018 और 2019 की तरह नॉकआउट प्रारूप होगा। इसका मतलब यह है कि हर मैच 'करो या मरो' होगा। ईस्ट बंगाल ने पिछले साल अतिरिक्त समय तक चले फाइनल में ओडिशा एफसी को 3-2 से हराकर खिताब जीता था। टीम ने इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर 12 साल के खिताबी सूखे को खत्म किया था। केरल ब्लास्टर्स राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहली ट्रॉफी जीतने की कोशिश में है। दोनों टीमों का इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में प्रदर्शन निराशाजनक रहा था, वे क्रमशः नौवें और आठवें स्थान पर रहे थे। इस मुकाबले के विजेता का सामना 26 अप्रैल को पहले क्वार्टर फाइनल में मोहन बागान सुपरजायंट से होगा।

## शर्मनाक! टी20 मैच में खेले पूरे 20 ओवर, बनाए सिर्फ 33 रन

**कराची।** टी20 क्रिकेट में कोई बल्लेबाज ओपनिंग करने उतरता है तो उससे क्या उम्मीद होती है? वह टीम को तेज शुरुआत देगा। गेंदबाजों पर अटैक करके अपनी टीम का दबदबा कायम करेगा। अगर ओपनर पूरे 20 ओवर तक खेलता है और अंत में नाबाद लौटता है तो सभी सोचेंगे कि उसने शतक बनाया होगा। ताबड़तोड़ बैटिंग से गेंदबाजों का जीना मुश्किल कर दिया होगा लेकिन पाकिस्तान सुपर लीग में इसका उल्टा देखने को मिला है।

साउद शकील पाकिस्तान क्रिकेट टीम के प्रमुख खिलाड़ी हैं। वह पीएसएल में क्वेटा ग्लेडिएटर्स की कप्तानी कर रहे हैं। कराची किंग्स के खिलाफ वह सलामी बल्लेबाजी करने उतरे। शकील ने पारी की पहली गेंद खेली। 20 ओवर खत्म होने के बाद वह नाबाद पवेलियन लौटे। इस दौरान शकील के बल्ले से सिर्फ 33 रन निकले। यानी पूरे 20 ओवर बैटिंग करने के बाद सिर्फ 33 रन। साउद शकील ने दूसरे ओवर में एक चौका लगाया। तीसरे ओवर में उनके बल्ले से एक चौका निकला। इसके बाद उन्होंने अगले 17 ओवर में सिर्फ एक चौका लगाया। 33 रन बनाने के लिए उन्होंने 40 गेंदों का सामना किया।



## भारतीय टीमों ने की ब्रिज विश्व चैंपियनशिप में एंट्री

**नई दिल्ली।** भारत ने दुबई में एशिया एवं पश्चिम एशिया ब्रिज महासंघ के टूर्नामेंट में तीन स्वर्ण पदक और एक रजत पदक हासिल किया तथा पदक जीतने वाली टीमों ने अगली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालिफिकेशन प्राप्त कर ली। विश्व ब्रिज महासंघ के तत्वावधान में 10 से 18 अप्रैल के बीच आयोजित टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष, महिला और सीनियर टीमों ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि मिश्रित टीम ने रजत पदक जीता। चारों भारतीय टीमों ने 20 से 31 अगस्त तक डेनमार्क के हर्निंग में होने वाली 47वीं विश्व ब्रिज चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली 35 देशों की 66 टीमों में भारत भी शामिल होगा। खेल मंत्रालय 2017 से ही भारतीय ब्रिज महासंघ को सहायता दे रहा है।

### मजबूत 'बेंच स्ट्रेंथ' वाली टीम बनाने के लिए अगले 18 महीने महत्वपूर्ण

# भारतीय घरेलू हॉकी में है अच्छी गहराई और गुणवत्ता

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय चैंपियनशिप में युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन से प्रभावित भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने शनिवार को कहा कि देश की हॉकी में काफी गहराई है और मजबूत 'बेंच स्ट्रेंथ' वाली टीम बनाने के लिए अगले 18 महीने महत्वपूर्ण होंगे। फुल्टन ने हाल में समाप्त हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान भारत की क्षेत्रीय प्रतिभा को जानने और समझने का मौका मिला।

फुल्टन ने कहा, 'जब हमने अपनी मजबूती पर जोर दिया तो मैच काफी करीबी रहे। भारतीय हॉकी में काफी गहराई है विशेषकर गोलकीपिंग और कुछ अन्य क्षेत्रों में जिसे देखना बहुत अच्छा था। उन खिलाड़ियों को पहचानना भी उत्साहजनक था, जिन्होंने पहले लीग में भाग नहीं लिया था।' मुख्य कोच ने क्षेत्रीय टीमों के प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि जहां विजेता पंजाब का मजबूत पक्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की मौजूदगी था, वहीं शीर्ष चार टीमों ने कुल मिलाकर अच्छे संतुलन और गुणवत्ता का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, 'कुछ क्षेत्र निश्चित रूप से दूसरों की तुलना में मजबूत थे। उदाहरण के लिए, पंजाब सबसे अधिक संख्या में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ उतरा था जिसका उसे फायदा मिला। इसके अलावा शीर्ष चार टीमों में प्रतिभा का अच्छा संतुलन था।'



### सही खिलाड़ियों को खोजने पर ध्यान

फुल्टन ने एशिया कप चक्र के लिए एक नए कोर ग्रुप के गठन के संदर्भ में कहा कि उनका ध्यान खिलाड़ियों की उम्र पर नहीं बल्कि विशिष्ट भूमिकाओं के लिए सही खिलाड़ियों को खोजने पर है। उन्होंने कहा, 'यह अधिक युवा खिलाड़ियों को लाने के बारे में नहीं है। यह उचित भूमिकाओं के लिए सही खिलाड़ियों की पहचान करने से जुड़ा है। हम जल्द ही एक अभ्यास शिविर आयोजित करने जा रहे हैं जिसमें 54 खिलाड़ी भाग लेंगे। इनमें से 40 खिलाड़ियों का एक कोर ग्रुप तैयार किया जाएगा। हम खेल के प्रत्येक विभाग में मजबूती चाहते हैं। अगले 18 महीने मजबूत बेंच स्ट्रेंथ वाली टीम बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं।'

**वक्फ संशोधन कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा ममता सरकार पर सवाल खड़े करती है। पश्चिम बंगाल के सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार का संवैधानिक दायित्व है। दुर्भाग्य यह दिखा कि जब मुर्शिदाबाद दंगे की आग में जल रहा था, हिंदुओं को जान बचाने के लिए मालदा भागना पड़ रहा था, उस दौरान खुद ममता बनर्जी भाजपा व केंद्रीय एजेंसियों पर साजिश के आरोप मढ़ने में व्यस्त थीं। संसद में पास वक्फ संशोधित कानून का आम गरीब हिंदुओं से क्या वास्ता है, जो मुस्लिमों के जुल्म के शिकार हो रहे हैं, हिंदू अपने राज्य में ही शरणार्थी बनने को क्यों मजबूर हो रहे हैं। आखिर कौन लोग हैं जो हिंदुओं के घर जला रहे हैं, उनके खिलाफ हिंसा कर रहे हैं? और इन सबमें ममता सरकार कहां खड़ी है? नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कलकत्ता हाईकोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा। राज्यपाल सीवी आनंद बोस और राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्यों ने प्रभावित क्षेत्र का दौरान किया है, इसमें स्थिति चिंताजनक बताई है। क्या सत्ता, राजनीति व वोट बैंक की अंधी दौड़ में एक महिला मुख्यमंत्री ने अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी को भी ताक पर रख दी है? क्या ममता को सत्ता में बने रहने का नैतिक हक है? मुर्शिदाबाद प्रकरण के विश्लेषण पर केंद्रित आजकल का यह अंक...**

# नागरिकों की सुरक्षा ममता का दायित्व



विश्लेषण
रवि शंकर
वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक

**बंगाल में हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर बीजेपी हमलावर है, वहीं राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर बंगाल सरकार सवालों के घेरे में हैं। इतना ही नहीं, हिंसा के पीछे बांग्लादेशी उपद्रवियों की संलिप्तता और स्थानीय राजनीतिक नेतृत्व की भूमिका को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं। ये सवाल केवल प्रशासनिक चूक की ओर इशारा नहीं करते, बल्कि यह भी संकेत देते हैं कि केंद्र सरकार राज्य की भूमिका पर सीधे तौर पर उंगली उठा रही है। बड़ा सवाल ये कि मुर्शिदाबाद की हिंसा अचानक भड़की या राजनीतिक फायदे के लिए ये एक सोची समझी रणनीति है? बहरहाल, हिंसा का सबसे गंभीर प्रभाव स्थानीय हिंदू समुदाय पर पड़ा है।**

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान भड़की हिंसा राज्य की राजनीति पर कई सवाल खड़े कर रही है। इस घटना में कई लोग घायल हुए हैं, जिनमें पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। बंगाल में हिंसा की बढ़ती घटना को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर बीजेपी हमलावर है, वहीं राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर बंगाल सरकार सवालों के घेरे में हैं। इतना ही नहीं, हिंसा के पीछे बांग्लादेशी उपद्रवियों की संलिप्तता और स्थानीय राजनीतिक नेतृत्व की भूमिका को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं। ये सवाल केवल प्रशासनिक चूक की ओर इशारा नहीं करते, बल्कि यह भी संकेत देते हैं कि पूरे मामले में राज्य की भूमिका दायित्व निभाने में विफल रही है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल ये कि मुर्शिदाबाद की हिंसा अचानक भड़की या राजनीतिक फायदे के लिए ये एक सोची समझी रणनीति है? बहरहाल, हिंसा का सबसे गंभीर प्रभाव स्थानीय हिंदू समुदाय पर पड़ा, जिन्हें जान बचाकर मालदा की ओर पलायन करना पड़ा। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या यह सीमा पार से योजनाबद्ध घुसपैठ और धर्म आधारित हमलों की नई श्रृंखला की शुरुआत है? या पश्चिम बंगाल में वोटबैंक के लिए राजनीतिक लड़ाई है?

## विस चुनाव पर असर डालेगी हिंसा

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मुर्शिदाबाद की हिंसा आने वाले विधानसभा चुनाव पर असर डाल सकती है। बीजेपी इसे 'कानून व्यवस्था' और 'संवैधानिक अधिकारों' का मुद्दा बनाकर जनता को लामबंद करने की कोशिश कर रही है, वहीं टीएमसी इसे बीजेपी की 'ध्रुवीकरण की साजिश' बता रही है। इन घटनाओं का असर बंगाल ही नहीं, बल्कि झारखंड, बिहार और असम जैसे पड़ोसी राज्यों की राजनीति पर भी पड़ सकता है। मुर्शिदाबाद की घटना केवल कानून व्यवस्था का मामला नहीं है, बल्कि यह सामाजिक संतुलन, राजनीतिक जिम्मेदारी और संवैधानिक अधिकारों की भी परीक्षा है। प्रशासन ने हालात को काबू में बताया है, लेकिन स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है। अब यह देखना अहम होगा कि क्या यह मामला राजनीतिक हथियार बनकर रह जाएगा या इसे सुलझाने के लिए कोई ठोस कदम उठाया जाएगा।

## मुस्लिम वोट बैंक को साधने की कोशिश

इस हिंसा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व पर सवाल खड़े कर दिए हैं क्योंकि देश के कई हिस्सों में वक्फ संशोधन के खिलाफ़ विरोध प्रदर्शन हुए हैं, लेकिन कहीं भी स्थिति मुर्शिदाबाद जितनी हिंसक नहीं हुई। हालांकि, ममता बनर्जी ने साफ कर दिया है कि राज्य में नया वक्फ कानून लागू नहीं किया जाएगा जिस पर पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष और




बीजेपी नेता सुवेन्दु अधिकारी ने ममता सरकार पर आरोप लगाया कि बंगाल में 'हिंदू सुरक्षित नहीं हैं, स्थिति बहुत गंभीर, नाजुक है। राज्य में अगले साल मार्च-अप्रैल तक विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुस्लिम समुदाय को साधने के लिए मुस्लिम नेताओं के साथ बैठक कर वक्फ संपत्तियों की रक्षा करने का आश्वासन दिया और कहा कि जब तक ममता सरकार है राज्य में इस कानून को लागू नहीं होने देगी। दीदी का यह रुख उनके 30 फीसदी मुस्लिम वोट बैंक को मजबूत करने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।

## राजनीतिक अवसर के रूप में देख रही बीजेपी

वहीं, बीजेपी राज्य में काफी ताकत लगा रही है। अगले साल होने वाले चुनाव को ध्यान में रखते हुए बीजेपी राज्य में ममता सरकार की खामियों को उजागर करने की कोशिश कर रही है। बीजेपी इस पूरे घटनाक्रम को एक राजनीतिक अवसर के रूप में देख रही है। पार्टी को लगता है कि यदि हिंदू मतदाता इस घटना को लेकर एकजुट होते हैं, तो यह टीएमसी के लिए राजनीतिक नुकसान का कारण बन सकता है। विशेषकर सीमावर्ती जिलों में जहां सुरक्षा और पहचान का मुद्दा संवेदनशील है। आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि इसे बीजेपी या टीएमसी कितना चुनावी लाभ में बदल पाती है। पश्चिम बंगाल की कुल आबादी में मुस्लिम समुदाय की अनुमानित भागीदारी 30 फीसदी है। ममता बनर्जी ने विधानसभा में कहा था कि सूबे में 33 फीसदी मुस्लिम हैं। मुस्लिमों का वोटिंग पैटर्न देखें तो इस वर्ग के बीच टीएमसी की पकड़ चुनाव दर चुनाव मजबूत हुई है। सेंटर फॉर स्टडीज ऑफ सोशल डेवलपमेंट (सीएसडीएस) के मुताबिक 2011 के चुनाव में 35 और 2014 के आम चुनाव में 40 फीसदी मुस्लिमों ने टीएमसी को वोट किया। 2016 के विधानसभा चुनाव में 55, आम चुनाव 2019 में 70 और 2021 के विधानसभा चुनाव में 75 फीसदी मुस्लिमों का समर्थन ममता बनर्जी की पार्टी को मिला था।

## हिंदू वोटर्स के बीच कमजोर हुई टीएमसी

2014 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के मजबूत उभार का असर प बंगाल की सियासत पर भी पड़ा है। आंकड़ों पर गौर करें तो टीएमसी की पैठ मुस्लिम समुदाय के बीच मजबूत हुई है तो उसके हिंदू वोट में गिरावट आई है। बीजेपी हिंदू वोटबैंक में बड़ी सेंध लगाने में सफल रही है। सूबे के दो विधानसभा चुनावों के आंकड़े इसकी गवाही देते हैं। 2016 के विधानसभा चुनाव में टीएमसी को 43 फीसदी हिंदू वोट मिले थे। पिछले विधानसभा चुनाव में तस्वीर उलट गई। 2021 के चुनाव में बीजेपी को हिंदू मतदाताओं में से 50 फीसदी का समर्थन मिला तो वहीं टीएमसी का समर्थन 43 फीसदी से घटकर 39 फीसदी पर आ गया। बहरहाल, मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के खिलाफ भड़की हिंसा ने राज्य की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। जहां एक ओर सरकार अल्पसंख्यक समुदाय को आश्वासन देने में लगी है, वहीं विपक्ष इसे कानून-व्यवस्था की विफलता और तुष्टीकरण की राजनीति के रूप में देख रहा है। आने वाले दिनों में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि सरकार और विपक्ष इस मुद्दे को कैसे संभालते हैं और राज्य में शांति और स्थिरता कैसे बहाल होती है। राज्य में शांति जरूरी है।

# पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो



मुर्शिदाबाद
अर्चना कुमारी
स्वतंत्र पत्रकार

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर फैले तनाव ने राजनीतिक भूचाल ला दिया है। अर्धसैनिक बलों की तैनाती, हिंसा और पलायन की खबरों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। ऐतिहासिक रूप से संवेदनशील यह जिला अब वोट बैंक, प्रशासनिक विफलता और सांप्रदायिक संतुलन की सियासत का केंद्र बन गया है। केंद्र और राज्य सरकार के बीच अधिकार क्षेत्र की लड़ाई में तब्दील हो गया है। शांति के नाम पर की गई कार्रवाई अब राजनीतिक जमीन की खींचतान का अखाड़ा बन चुकी है। राजनीतिक दृष्टि से देखें तो यह घटना तृणमूल कांग्रेस की सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। एक ओर वह मुस्लिम बहुल जिलों में अपनी पकड़ बनाए रखना चाहती है, वहीं दूसरी ओर हिंदू बहुल क्षेत्रों में बीजेपी के बढ़ते प्रभाव से भी जूझ रही है। ऐसे में एक धार्मिक समूह के भीतर से ही सरकार के खिलाफ प्रतिरोध की भावना उभर आना उसकी रणनीति के लिए खतरनाक संकेत है।

2021 के बंगाल चुनाव में मुख्य विपक्षी दल के रूप में उभरी बीजेपी इस बार अधिक आक्रामक रणनीति के साथ उतरने के संकेत दे चुकी है। ऐसे में वक्फ कानून के खिलाफ मुर्शिदाबाद में भड़की हिंसा ने पश्चिम बंगाल की सियासी फिजां में और गर्माहट ला दी है। शिक्षक भर्ती घोटाला और बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर आक्रामक बीजेपी को मुर्शिदाबाद हिंसा ने ममता बनर्जी की सरकार को तुष्टिकरण को लेकर कठघरे में खड़ा करने का मौका दे दिया है। बीजेपी ने इस घटना को तुरन्त लपक कर एक 'कानून-व्यवस्था की विफलता' का उदाहरण बताया और उसकी राष्ट्रीय राजनीति में 'अराजक बंगाल' की छवि को पुष्ट किया। ममता बनर्जी वक्फ को एक मुद्दा बनाना चाहती हैं और तृणमूल कांग्रेस लोगों में संदेश देना चाहती है कि केवल ममता दीदी ही उनकी रक्षा कर सकती हैं। वहीं, बीजेपी ने इसे लेकर ममता बनर्जी पर हमला बोलना शुरू कर दिया है और 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले धर्म के आधार पर ध्रुवीकरण की कोशिश की जा रही है।

### बंगाल में हिंदू आबादी घटी

2011 की जनगणना के अनुसार, पूरे देश में हिंदू आबादी में 0.7 फीसदी की गिरावट आई। पश्चिम बंगाल में हिंदू आबादी में 1.94 फीसदी गिरावट आई है। वहीं, मुस्लिम आबादी में 1.77 फीसदी की वृद्धि हो गई है, जो अच्छी खासी बढ़ोतरी है। ये आंकड़े 2011 की जनगणना के मुकाबले हैं। बंगाल में 2001 में मुस्लिम आबादी 25 फीसदी थी, जो 2011 में बढ़कर 27 फीसदी के पार जा चुकी थी। आज बंगाल की 9.5 करोड़ की आबादी में करीब 2.5 करोड़ मुसलमान हैं।

### क्यों बना सियासी अखाड़ा

मुर्शिदाबाद की 70 फीसदी से अधिक आबादी मुस्लिम है और 30 प्रतिशत हिंदू जनसंख्या है। यह सांख्यिकी हर राजनीतिक दल के लिए रणनीति का अहम हिस्सा बन जाती है। वक्फ अधिनियम को लेकर उपजे विवाद में भी यह तथ्य केंद्र में है।

यह सिर्फ धार्मिक या सामाजिक विवाद नहीं, बल्कि एक बड़े वोट बैंक की लड़ाई भी बन चुकी है। शिक्षा में इस जिले की साक्षरता दर केवल 65 फीसदी है और महिलाओं की स्थिति और भी चिंताजनक है। राजनीतिक बहसें चाहे जितनी तीखी हों, लेकिन शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मुद्दे यहां की जनता की असल चिंता हैं, जो अक्सर इन वाद-विवादों के शोर में दब जाते हैं। आज जब मुर्शिदाबाद की आबादी 90 लाख के करीब है। तो यह सवाल और भी अहम हो जाता है कि क्या यह जिला अपनी ऐतिहासिक विरासत को पुनः जागृत कर सकता है, या फिर यह लगातार सियासी प्रयोगशाला बना रहेगा? वक्फ विवाद ने एक बार फिर यह दिखाया कि विकास की राह तब तक साफ नहीं हो सकती जब तक प्रशासनिक इच्छाशक्ति और सामाजिक संवाद का संतुलन न बने। यह भी ध्यान देने योग्य है कि हिंसा की घटनाएं अक्सर उन इलाकों में केंद्रित होती हैं जहां आर्थिक हताशा और बेरोजगारी अधिक होती है। मुर्शिदाबाद की अर्थव्यवस्था परंपरागत शिल्प, बुनकरी और कृषि पर आधारित है जो पिछले एक दशक से लगातार संकट में है। जब आजीविका के स्रोत क्षीण हो जाते हैं और शासन व्यवस्था अपने ही नागरिकों की आकांक्षाओं के प्रति संवेदनशील नहीं रहती तो आक्रोश के लिए कोई भी बहाना पर्याप्त हो सकता है। हिंसा का यह सामाजिक आधार, राजनीतिक उपेक्षा और सांस्कृतिक अस्थिरता तीनों एक साथ मिलकर एक विस्फोटक परिस्थिति तैयार करते हैं। खैर, मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर हर कोई चिंतित है। आम आदमी चाहता है कि शांति बनी रहे और जो लोग बेघर हो गए हैं, उन्हें जल्द से जल्द मदद मिले। फिलहाल, स्थिति तनावपूर्ण है। पश्चिम बंगाल के सभी नागरिकों की सुरक्षा ममता बनर्जी सरकार की जिम्मेदारी है।

# शासन शून्यता के शिकार हो रहे गरीब हिंदू



दो टूक
विकेश कुमार बडोला
वरिष्ठ स्तंभकार

यह प्रथम अवसर नहीं है जब तुच्छ राजनीतिक स्थापना के लिए मुस्लिमों को भड़काकर शासनगत सभ्यता को कुचला गया गया और राष्ट्रव्यापी अराजकतापूर्ण दुर्भावना का असुरक्षित वातावरण बनाया गया। इस बार यह अनुपयोगी खटकर्म पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद तथा समीपस्थ क्षेत्रों में हुआ। तथाकथित वक्फ संशोधन के विरोध में देश के अभाजपाई प्रदेशों में मुस्लिमों की आड़ में जो हिंसा, तोड़फोड़ और हिंदू विरोधी घटनाएं हुई हैं, मुर्शिदाबाद उन घटनाओं का केंद्र स्थल बन गया। यहां गरीब हिंदुओं के निवास-स्थानों पर भीड़ ने ईंट, पत्थर, पेट्रोल बम, अस्त्र-शस्त्रों से हमला किया। हिंदुओं के घरों को तोड़ा गया। कुछ हिंदुओं की वीभत्स तरीके से हत्या की। ऐसी अराजकता एक-दो दिनों तक ही सीमित नहीं रही थी। यह हफ्तों तक होती रही। प्रदेश शासन और मुख्यमंत्री ने इस पर दिखावटी रोष भी प्रकट नहीं किया। ऐसी शासन शून्यता एवं अराजकता के भयंकर वातावरण में मुख्यमंत्री जिह्वा सील कर अदृश्य होकर बैठी हुई थी।

## मुख्यमंत्री ने हिंसा पर साधी चुप्पी

जब प्रदेश की मुख्यमंत्री ने ही ऐसी घटनाओं पर अप्रत्याशित चुप्पी साध ली तो फिर भला प्रांतीय मानवाधिकार संगठन, न्यायालय, मीडिया या अन्य हिंदू हितैषी इकाइयां क्या प्रतिरोध करतीं। हिंदू तो इस अराजक घटना में ही नहीं बल्कि विगत दो हजार वर्षों में उसके विरुद्ध हुई असंख्य अराजक घटनाओं में भी सत्ता या शासन का शक्तिशाली समर्थन कभी प्राप्त ही नहीं कर पाया। इसके बाद भी हिंदूजन धार्मिक रूप में स्वावलंबी नहीं बन सका है। वह अभी भी धर्म की भीरुता में जकड़ा हुआ है। वह अभी भी हिंदू धर्म की अस्त्र-शस्त्र युक्त जीवनशैली अपनाकर आत्मरक्षा हेतु कटिबद्ध नहीं हो पाया है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। हिंदुओं की सबसे बड़ी राजनीतिक प्रतिनिधि समझी जाने वाली भाजपा ने भी इस विषय पर हिंदू भावनाओं के अनुरूप राष्ट्रव्यापी या राज्यव्यापी विरोध नहीं किया। सर्वोच्च न्यायालय के मुस्लिम हितैषी अधिवक्ताओं एवं न्यायाधीशों की दशा-दिशा ये है कि वे हिंदू मंदिरों की समितियों में भी मुस्लिम सदस्य न होने के संबंध में चिंतातुर हैं। यहां दुःख इस बात का नहीं है कि हिंदू विरोधियों ने पलायन करने को विवश मुर्शिदाबाद के हिंदुओं का कुछ भी समर्थन नहीं किया। वे तो मुस्लिमों के वोट पर आश्रित हैं ही और इसीलिए मुस्लिमों द्वारा हिंदू दमन की पराकाष्ठा होने तक भी हिंदुओं का राजनीतिक समर्थन-संरक्षण नहीं करेंगे। बल्कि पीड़ा इस बात की है कि हिंदुओं के मताधिकारों द्वारा गत दस वर्षों से केंद्र की सत्ता में बैठी भाजपा ने 2019 में पूर्ण बहुमत के साथ सत्तारूढ़ होने के बाद भी वक्फ इत्यादि, हिंदुओं के लिए निरर्थक विषयों पर तब ही आरपार के राजनीतिक, संविधानिक निर्णय क्यों नहीं ले लिए। अब यदि वक्फ पर संशोधन के संसदीय निर्णय के बाद अभाजपायी प्रांत पश्चिम बंगाल में विरोध उमड़ रहा है अथवा भारत में बैठे व बांग्लादेश-पाकिस्तान के षड्यंत्रकारियों द्वारा मुर्शिदाबाद को इस सीमा तक अस्थिर किया जा रहा है कि हिंदू वहां से पलायन करने को विवश हैं, तो इसमें भाजपा के केंद्रीय शासन का शासकीय कर्तव्य, विरोध, प्रतिरोध और हिंदुओं के रक्षण-



संरक्षण की उनकी प्रतिक्रिया का क्या! अगस्त 2024 से लेकर अभी तक चाहे बांग्लादेश में तख्तापलट की समयावधि में वहां के हिंदुओं पर हुए मुस्लिमों के हमले हों अथवा वक्फ संशोधन के विरोध की आड़ में पश्चिम बंगाल स्थित मुर्शिदाबाद व समीपस्थ क्षेत्रों में हिंदुओं पर हुए अवैध घुसपैठियों के हमले, दोनों ही अवसरों पर केंद्र के भाजपा शासन ने हिंदुओं की भावनाओं का सम्मान नहीं किया।

## अराजक गतिविधियां जारी

मुस्लिमों की धृष्टता अब किसी एक प्रांत तक सीमित नहीं रही। पाकिस्तान व बांग्लादेश स्थित भारत विरोधी आतंकियों के साथ मिलकर भाजपायी हो अथवा अभाजपायी दोनों ही प्रकार के शासन से युक्त भारतीय प्रांतों में रह-रह कर अराजक गतिविधियां होती रही हैं। चाहे 2019 में ट्रंप के भारत आगमन पर राजधानी दिल्ली में आप पार्टी के मुस्लिम विधायकों के नेतृत्व में हुआ दंगा हो अथवा हरियाणा स्थित नूंह-नल्लड़ में हिंदू शोभायात्रा पर हमला, हर बार हिंदुओं को ही पीड़ित होने के बाद भी न्याय के लिए तरसना पड़ता है। चाहे चैंपियन ट्राफी में मध्य प्रदेश में भारत की विजय पर हो रहे प्रसन्नता-प्रदर्शन में मुस्लिमों द्वारा हिंदुओं पर घात लगाकर किया गया आक्रमण हो अथवा छावा फिल्म के प्रदर्शन के उपरांत हिंदू भावना को प्राप्त धर्मबल को कुचलने के षड्यंत्र से नागपुर में हिंदू कॉलोनी में किया गया हमला हो, हर स्थान पर हिंदूजन ही पीड़ित, दमित और विचलित दिखाई देता है।

## हिंदुओं के संरक्षण का अभाव

ऐसी परिस्थितियों में, हिंदुओं की धार्मिक आस्था के माध्यम से, चाहे राम मंदिर हो अथवा महाकुंभ का माहभर से अधिक चला मेला, दोनों उपक्रमों के आधार पर, राजस्व अर्जन कर रही केंद्र व राज्य सरकारें हिंदुओं का ही परिरक्षण, संरक्षण कर पाने में असमर्थ हैं तो क्यों! अभाजपायी प्रांतीय सत्ताओं से तो हिंदुओं को पहले भी कभी कोई आशा नहीं थी कि वे उनके लिए कुछ करेंगी, किंतु भाजपायी केंद्रीय व प्रांतीय शासकों को अब स्वयं में एक नवदृष्टि विकसित करनी होगी कि वे हिंदुओं की नागरिक सभ्यता, करदाता के रूप में उसके समर्पित दायित्व और सर्वोपरि जीने व जीवन के उसके मौलिक अधिकार की हर स्थिति में रक्षा-सुरक्षा करे। यदि भाजपा के नेतृत्व में ऐसा अभ्यास नहीं होता है, तो आगामी चुनावों में क्रुद्ध हिंदू के पास 'नोटा' के विकल्प के अतिरिक्त कोई अन्य मार्ग शेष नहीं होगा। इस बीच एक हतोत्साहित करने वाला समाचार देखा कि भारतीय क्रिकेट टीम बांग्लादेश में क्रिकेट खेलने जाएगी। बांग्लादेश के कारण गत सात-आठ माह से भारत के विभिन्न हितों की कितनी हानि हुई है! इस संदर्भ को सम्मुख रखकर यदि विचार किया जाए तो बांग्लादेश से तो हर प्रकार का संबंध विच्छेद कर उस पर सैन्य हमला कर देना चाहिए, किंतु दुर्भाग्य देखिए कि शासन को भारतीयता तथा हिंदू अस्मिता से अधिक प्रिय क्रिकेट का कारोबार दिखाई दे रहा है।

दुर्भाग्य इतने तक ही सीमित नहीं है। जब मुर्शिदाबाद में गरीब, असहाय और निरुपाय हिंदुओं पर प्राणघाती हमला हो रहा था और जीवनरक्षा के लिए वे पलायन कर रहे थे, तो महानगरीय भारतीय लोगों के लिए इससे महत्वपूर्ण आईपीएल के क्रिकेट मैच बने हुए थे। हिंदुओं की भावनाओं का भरपूर दोहन हो रहा है। कभी राम मंदिर बनवाकर तथा कभी महाकुंभ का आयोजन करके हिंदुओं की धार्मिक आस्था के बल पर अर्थव्यवस्था में वृद्धि करके तो अब भारतीय युवा पीढ़ी को एक माह तक आईपीएल में 3 करोड़ जीतने के लालच में झोंककर। इन सभी गतिविधियों में हिंदुओं के माध्यम से शासकीय धनार्जन हो रहा है, पर तरह-तरह की सहायिकी उनको दी जा रही है जो हिंदुओं के पूर्ण दमन का संकल्प उठाये हुए हैं। स्थिति सोचनीय है।

# मुर्शिदाबाद हिंसा के कुछ अनुत्तरित सवाल



वक्फ विरोध
चेतनादित्य आलोक
वरिष्ठ पत्रकार, स्तंभकार एवं राजनीतिक विश्लेषक

पश्चिम बंगाल के हिंसाग्रस्त मुर्शिदाबाद के धुलियान कस्बे में वैसे तो वक्फ कानून का विरोध 08 अप्रैल से चल रहा था, लेकिन शुक्रवार 11 अप्रैल को जुमे की नमाज के बाद इलाके में माहौल अचानक तब बिगड़ गया, जब लगभग 150 लोगों ने मोहल्ले के निहत्थे और मासूम निवासियों पर जोरदार हमला कर दिया। जब 51 साल की बेबस और लाचार महिला जानकी मंडल ने फूट-फूट कर रोते हुए अपनी आंखों के सामने घटी घटना का टीवी पर वर्णन किया तो सचमुच बहुत दुःख हुआ। वह बता रही थीं कि बेकाबू भीड़ ने हिंदुओं के घरों और दुकानों में आग लगा दी। पुरुषों को मारा-पीटा और सबकी आंखों के सामने ही उनकी बेटी-बहुओं और माताओं का मान लूटने की कोशिश की।

## अपने ही देश में शरणार्थी बने

उग्र भीड़ में शामिल आततायियों ने मोहल्ले वालों को धमकी दी कि भाग जाओ, वरना मारे जाओगे और लाचार मोहल्ले वाले चुपचाप यह सब देखते-सुनते रहे। फिलहाल, अपने ही देश में मालदा के वैष्णव नगर स्थित एक स्कूल में शरणार्थी बनकर रह रहीं जानकी मंडल ने यह भी बताया कि कैसे वह अपनी इज्जत और जान बचाकर बच्चों के साथ वहां से भागी थीं। बता दें कि यह पीड़ा केवल जानकी मंडल की नहीं, बल्कि वैष्णव नगर के स्कूल में शरणार्थी बनकर रह रहे लगभग चार दर्जन हिंदू परिवारों की भी है, लेकिन ऐसा सोचना मूर्खता होगी कि मुर्शिदाबाद हिंसा कांड के सबसे अधिक पीड़ित और दुखी धुलियान कस्बे के लोग ही हैं। और ऐसा सोचने की भूल तो कदापि नहीं करनी चाहिए कि इस भयावह पीड़ा और संत्रास वाली निर्मम घटनाओं की चौहद्दी धुलियान कस्बे तक ही सीमित है, बल्कि सच तो यह है कि मुर्शिदाबाद के विभिन्न इलाकों से आने वाली इस पीड़ा और संत्रास की चीखें दूर-दूर तक किसी भी संवेदनशील व्यक्ति के लिए हृदय विदारक रही हैं। जाहिर है कि दुःख-दर्द, निराशा, हताशा, बेबसी, लाचारी और आक्रोश से भरी बिल्कुल धुलियान के लोगों जैसी ही कहानियां कई अन्य इलाकों की भी है। टीवी चैनलों की भीड़ में एक चैनल पर शमशेरगंज इलाके के प्रसेनजीत दास ने भी रोते-कलपते हुए अपनी आपबीती तथा आंखों देखी घटनाएं बताईं। गौरतलब है कि मुर्शिदाबाद हिंसा के मृतकों में से दो लोग प्रसेनजीत दास के परिवार से ही थे। मृतकों में एक उनका चचेरा भाई हरगोविंद दास और दूसरा भतीजा चंदन था। प्रसेनजीत के अनुसार 10 अप्रैल की रात में लगभग 400 लोगों की भीड़ तलवार और छुरियां लहराते हुए मोहल्ले में घुसी। भीड़ में शामिल आतताइयों ने 25 से 30 घरों, होटलों, दुकानों आदि में तोड़-फोड़ की और उन्हें आग के हवाले कर दिया। आंखों में भय भरकर प्रसेनजीत ने बताया कि भीड़ बहुत उग्र थी, इसलिए हमलोग उनसे भिड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पाए और जो कुछ वे करते रहे हमलोग चुपचाप देखते रहे। उक्त घटना के संबंध में एक अन्य बेहद खौफजदा व्यक्ति ने बताया कि भीड़ की उग्रता और आतंक इतना था कि कोई कुछ भी करने में असमर्थ महसूस कर रहा था। इसलिए सभी अपनी-अपनी जान बचाकर भागने में ही



लगे रहे। जाहिर है कि ये सभी आपबीती तथा आंखो देखी पीड़ा-व्यथाएं बिल्कुल सच्ची हैं। इनके अलावा, एक और सच, जिसे अब पूरी दुनिया जान और समझ चुकी है, वह यह कि इतनी बड़ी घटना घट जाने के बाद भी बंगाल सरकार की मुखिया ममता बनर्जी की 'ममता' अब तक नहीं जाग पाई है। जरा सोचिए, कि बंगाल के मुर्शिदाबाद के सुती, धुलियान, शमशेरगंज और जंगीपुर इलाकों में हुई हिंसा में कम से कम 03 लोगों की जान चली गई, 15 पुलिसकर्मी घायल हुए और सैकड़ों लोग बेघर हो गए। हालांकि, इस मामले में अब तक 300 से भी ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए हैं। वहीं, कोलकाता हाईकोर्ट के आदेश के बाद हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय सुरक्षा बलों के 1600 जवान भी तैनात किए जा चुके हैं।

## बीएसएफ व सीआरपीएफ तैनात

हिंसा प्रभावित शमशेरगंज के एक निवासी हबीबउर रहमान ने न्यूज एजेंसी को बताया कि बीएसएफ और सीआरपीएफ की तैनाती के बाद इलाके में माहौल शांत है। वैसे, खबरें यह भी आ रही हैं कि प्रशासन ने लोगों से दुकानें खोलने और अनुशासन बनाए रखने की बात कही है। वहीं, पीड़ित हिंदू परिवारों ने बीएसएफ की स्थायी तैनाती की मांग की है।

## चुनावी रणनीति में बिजी ममता

उनके भीतर उस उग्र भीड़ का ऐसा खौफ समाया है कि उन्हें लगता है कि यदि बीएसएफ हटी तो फिर से स्थितियां खराब हो सकती हैं। लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा प्रतीत होता है कि ममता बनर्जी मृतकों और घायलों से मिलने व उनके आंसू पोंछने के बजाए लगभग एक वर्ष के बाद होने वाले बंगाल चुनाव की गोटियां बिछाने में लगी हैं। जाहिर है कि यदि ऐसा नहीं होता तो वह कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम पहुंचकर इमामों से मिलने के बजाए मुर्शिदाबाद हिंसा कांड के पीड़ित-प्रताड़ित, खौफजदा, बेबस और लाचार भुक्तभोगी परिवारों से मिलने, उनको मदद पहुंचाने और उनका दुःख-दर्द बांटने जातीं। यदि यह भी मान लें कि उनकी कोई राजनीतिक मजबूरी रही होगी, तो कम-से-कम पीड़ितों को सांत्वना देने के लिए वह अपना एक प्रतिनिधि ही भेज देतीं, लेकिन अब तक उन्होंने ऐसा भी नहीं किया है। हां, मृतकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा उन्होंने अवश्य की है। बहरहाल, उक्त घटना के गर्भ से कुछ बेहद गंभीर सवाल उठे हैं, जो सरकारों और सुरक्षा एजेंसियों को कठघरे में खड़े करने की ताकत रखते हैं। जरा सोचिए, कि कहां तो हम बांग्लादेश के हिंदुओं की चिंता करते नहीं अघाते थे, लेकिन हम तो अपने ही घर बंगाल के हिंदुओं की रक्षा कर पाने में असमर्थ साबित होने लगे हैं। और तो और, अब जांच एजेंसियां बता रही हैं कि मुर्शिदाबाद हिंसा की योजना तुर्की में बनाई गई थी, जिसे बांग्लादेश के रास्ते बंगाल तक पहुंचाया गया।

## खुफिया एजेंसियों पर सवाल

इसके लिए बाकायदा 2 महीने पहले ही ट्रेनिंग दी गई थी, जिसमें पुलिस से बचकर दंगा भड़काने और स्थानीय मदरसों से मदद लेने की भी बातें शामिल हैं। इस पर दो बेहद गंभीर सवाल बनते हैं। पहला, हालात ये हैं कि बांग्लादेश में हिंदू प्रताड़ित हो रहे हैं और यूनुस सरकार चुप बैठी है। इधर, हिंदू पश्चिम बंगाल में भी सुरक्षित नहीं हैं। ममता सरकार अपना संवैधानिक दायित्व नहीं निभा रही है। दूसरा सवाल, यह कि राज्य और केंद्र की हमारी सुरक्षा और खुफिया एजेंसियां क्या कर रही थीं कि तुर्की में बनी और बांग्लादेश के रास्ते मुर्शिदाबाद तक पहुंची योजना को हम विफल नहीं कर पाए। जब हिंसा के दौरान बांग्लादेश से भारत में 71-150 कॉल किए गए, तब हमने उन्हें इंटरसेप्ट क्यों नहीं किया। वास्तव में ये कुछ सवाल हैं, जिनके उत्तर मिलना अभी शेष हैं।

शत-प्रतिशत पर्सेंटाइल वाले सर्वाधिक सात राजस्थान के

# जेईई मेन परीक्षा के सत्र-2 के परिणाम घोषित, 24 छात्रों को मिले 100 पर्सेंटाइल

## दिल्ली के दो छात्र दक्ष और हर्ष झा भी 100 पर्सेंटाइल वाले छात्रों की सूची में शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने बीते शुक्रवार देर-रात इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षाओं से जुड़ी हुई जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन (जेईई) मेन-2025 के दूसरे सत्र के परिणाम घोषित कर दिए हैं। जिसमें 24 छात्रों को 100 पर्सेंटाइल मिले हैं। परीक्षा से जुड़े सभी छात्र, एजेंसी की वेबसाइट jeemain.nta.nic.in पर जाकर अपना परिणाम और स्कोरकार्ड देख सकते हैं। यहां बता दें कि एनटीए ने अभी फिलहाल परीक्षा के दूसरे सत्र के पेपर-1 बीई, बीटेक का परिणाम ही जारी किया है। जबकि दूसरे पेपर-2-ए (बी-आर्क), 2-बी (बी-प्लानिंग) का परिणाम आना अभी बाकी है। एनटीए ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि इस परीक्षा परिणाम के साथ ही एजेंसी ने जेईई-एडवांस के लिए क्वालीफाइंग कट ऑफ भी घोषित कर दी है। जिसमें सामान्य श्रेणी के छात्रों के लिए 93.10 पर्सेंटाइल की आवश्यकता होगी। इसके अलावा ईडब्ल्यूएस के लिए 80.38, ओबीसी के लिए 79.43, एससी के लिए 61.15 और एसटी के लिए 47.90 पर्सेंटाइल तय की गई है।

**हर साल सरकार केवल आश्वासन देती रही, लेकिन कार्य नहीं किया गया**

### 24 छात्रों में 22 लड़के और 2 लड़कियां शामिल

एनटीए ने बताया कि 100 पर्सेंटाइल वाले 24 छात्रों में 22 लड़के और 2 लड़कियां शामिल हैं। 24 में से राजस्थान के सर्वाधिक 7 छात्रों को शत-प्रतिशत पर्सेंटाइल मिले हैं। इसके बाद दिल्ली के 2, महाराष्ट्र के 3, तेलंगाना के 3 और उत्तर प्रदेश के 3, पश्चिम बंगाल के 2, गुजरात के 2, आंध्र प्रदेश के 1, कर्नाटक के 1 छात्र को 100 पर्सेंटाइल मिले हैं। दिल्ली के 100 पर्सेंटाइल वाले छात्रों में दक्ष और हर्ष झा शामिल हैं।

### राज्यों के टॉपर्स में हरियाणा के अमोघ बंसल भी शामिल

एजेंसी ने बताया कि राज्यों के टॉपर्स की सूची में दिल्ली के 2 (दक्ष, हर्ष झा-100 पर्सेंटाइल), हरियाणा का 1 छात्र (अमोघ बंसल-99.99 पर्सेंटाइल), छत्तीसगढ़ के 2 छात्र (सुविज्ञा देवांगन-99.99 पर्सेंटाइल और पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी में हर्षल गुप्ता-99.96 पर्सेंटाइल), मध्य प्रदेश का 1 छात्र एम.एम.हुसैन 99.99 पर्सेंटाइल के साथ शामिल है।

### देश-विदेश में बनाए गए कुल 531 परीक्षा केंद्र

परीक्षा के लिए देश-विदेश में कुल 531 अनोखे केंद्र बनाए गए थे। इनमें भारत के अंदर बनाए गए 285 और विदेशों में बनाए गए 15 केंद्र शामिल हैं। विदेशों में दोहा, मनामा, दुबई, मस्कट, रियाद, शारजाह, सिंगापुर, कुवैत, कुआलालंपुर, अबूधाबी, पश्चिम जावा, वाशिंगटन, लागोस और म्यूनिख में जेईई परीक्षा के लिए केंद्र बनाए गए थे। इनमें से कुछ नए बनाए गए केंद्रों की परीक्षा से पहले जांच पड़ताल के लिए थर्ड पार्टी ऑडिट भी कराया गया। जबकि विदेशी केंद्रों पर संबंधित देशों में मौजूद भारत के दूतावासों, मिशन के साथ निकट समन्वय से निगरानी रखी गई।

### 9 लाख से अधिक छात्रों ने दी परीक्षा

जेईई मेन के दूसरे सत्र की परीक्षा के लिए कुल 10 लाख 61 हजार 840 छात्रों ने पंजीकरण कराए थे। लेकिन इनमें से 9 लाख 92 हजार 350 छात्र ही परीक्षा में बैठे। इस बार 6 लाख 81 हजार 871 लड़के और 3 लाख 10 हजार 479 लड़कियों ने यह परीक्षा दी। 2, 3, 4, 7 और 8 अप्रैल दो पालियों में यह परीक्षा हुई। अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू सहित कुल 13 भारतीय भाषाओं में परीक्षा का आयोजन किया गया। जो कि कंप्यूटर (सीबीटी) आधारित थी। परीक्षा से जुड़ी हुई अंतिम उत्तर कुंजी बीते शुक्रवार दोपहर दो बजे जारी कर दी गई थी। इसके पूर्व में भी हालांकि अंतिम उत्तर कुंजी एजेंसी ने अपनी वेबसाइट पर अपलोड की थी। लेकिन फिर उसे हटा लिया था। जिसके चलते छात्रों के मन में असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। बताते चलें कि जेईई-मेन के दोनों सत्रों (जनवरी, अप्रैल महीने में हुए) में इस वर्ष कुल 15 लाख 39 हजार 848 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। जबकि इनमें से कुल 14 लाख 75 हजार 103 छात्र परीक्षा में बैठे।

### 39 के परिणाम घोषित होना बाकी

वहीं, एनटीए ने ये भी कहा कि जेईई मेन परीक्षा के पहले चरण के कुल 39 छात्रों का परिणाम जारी नहीं किया गया है। क्योंकि वह अनुचित व्यवहार में लिप्त पाए गए थे। जबकि दूसरे सत्र के कुल 110 छात्र जालसाजी और अनुचित साधनों में लिप्त पाए गए हैं। इनमें मुख्य रूप से परीक्षा संबंधी दस्तावेजों में गड़बड़ी पायी गई हैं। जिसकी वजह से इनका परिणाम फिलहाल जारी नहीं किया गया है। इनके अलावा 23 छात्रों का परिणाम उनकी फोटो, बायोमेट्रिक विवरण और पहचान सत्यापन से जुड़ी बाकी कमियों की वजह से जारी नहीं किया गया है। इन सभी को राजपत्रित अधिकारी से अनुमोदित फोटो पहचान का एक वैध प्रमाण एनटीए को सौंपने का निर्देश दिया गया है। उसके बाद ही इनका परिणाम जारी किया जाएगा।

### यूं कसी गई नकल पर नकेल

परीक्षा के दौरान तत्काल आधार पर कर्मियों की तैनाती अहम रही। विभिन्न शहरों, केंद्रों पर ड्यूटी के लिए 283 शहरी समन्वयकों, 858 पर्यवेक्षकों और सरकारी साइबर सुरक्षा एजेंसियों के प्रतिनिधियों को नियुक्त किया गया और मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के जरिए नकल के प्रयास को रोकने के लिए केंद्रों पर 5जी जैमर लगाए गए। केंद्रों की एआई आधारित वीडियो एनालिटिक्स, सीसीटीवी व वर्चुअल पर्यवेक्षकों के जरिए बारीक निगरानी की गई।

## खबर संक्षेप

### पूर्व कांग्रेस विधायक थोपटे ने पार्टी छोड़ी

**पुणे।** महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच पूर्व कांग्रेस विधायक संग्राम थोपटे ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। थोपटे ने पुणे जिले के भोर निर्वाचन क्षेत्र का तीन बार प्रतिनिधित्व किया है लेकिन 2024 के विधानसभा चुनाव में वह राकांपा उम्मीदवार शंकर मांडेकर से हार गए थे। थोपटे का परिवार लंबे समय से कांग्रेस से जुड़ा रहा है। वह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनंतराव थोपटे के बेटे हैं, जिन्होंने भोर सीट का महाराष्ट्र विस में छह बार प्रतिनिधित्व किया था।

### मलयालम एक्टर शाइन टॉम चाको गिरफ्तार

**कोच्चि।** केरल के मशहूर मलयालम अभिनेता शाइन टॉम चाको को पुलिस ने गिरफ्तार कर



लिया है। शाइन पर ड्रग्स लेने और नशीले पदार्थों का सेवन करने का आरोप है। केरल के एर्नाकुलम टाउन के नॉर्थ पुलिस स्टेशन में चार घंटे तक उनसे पूछताछ की गई, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया है।

### 14वीं मंजिल से कूदकर आर्किटेक्ट ने दी जान

**जयपुर।** यहां एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां 42 वर्षीय आर्किटेक्ट ने हाईराइज



बिल्डिंग की 14वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। मृतक की पहचान भरत कुमारके रूप में हुई है। भरत ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा। उन्होंने राजस्थान प्रशासनिक सेवा की अधिकारी और उनके पति को जिम्मेदार ठहराया है।

महाराष्ट्र में हिंदी को लेकर सियासत तेज, आरोप-प्रत्यारोप

# हम महाराष्ट्र में हिंदी को अनिवार्य नहीं बनाने देंगे: उद्धव ठाकरे

**मराठी भाषा का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: सुप्रिया सुले**

भाषा ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में हिंदी भाषा को लेकर सियासत तेज हो गई है। महाराष्ट्र में हिंदी को अंग्रेजी और मराठी के बाद तीसरी अनिवार्य भाषा बनाने के फैसले पर फड़णवीस सरकार घिरती जा रही है। विपक्ष इसे मराठी अस्मिता पर हमला बता रहा है। उधर, शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी महाराष्ट्र में हिंदी को अनिवार्य नहीं बनाने देगी। ठाकरे का यह बयान राज्य सरकार द्वारा कक्षा एक से पांचवीं तक के छात्रों के लिए हिंदी को तीसरी भाषा के तौर पर अनिवार्य करने के फैसले के बाद आया है। शिवसेना (उबाठा) की श्रमिक शाखा भारतीय कामगार सेना के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ठाकरे ने कहा कि उनकी पार्टी को हिंदी भाषा से कोई परहेज नहीं है, लेकिन उन्होंने सवाल उठाया कि इसे क्यों थोपा जा रहा है? ठाकरे ने दावा किया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का मिशन लोगों को एकजुट नहीं होने देना और उन्हें लगातार दबाव में रखना है ताकि वे इन चिंताओं में उलझे रहें। उन्होंने कहा कि हम महाराष्ट्र में हिंदी को अनिवार्य नहीं बनने देंगे।"



### एक साथ आ सकते हैं राज-उद्धव

मुंबई। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे एक बार फिर साथ आ सकते हैं। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) प्रमुख राज ठाकरे ने इस बात का संकेत दिया। राज ठाकरे ने कहा कि हमारे बीच राजनीतिक मतभेद हैं, विवाद हैं, झगड़े हैं, लेकिन यह सब महाराष्ट्र के आगे बहुत छोटी चीज हैं। महाराष्ट्र और मराठी लोगों के हित के लिए साथ आना कोई बहुत बड़ी मुश्किल नहीं है। राज ठाकरे ने अभिनेता महेश मांजरेकर के यू-ट्यूब चैनल पर यह प्रतिक्रिया दी। उधर राज ठाकरे के बयान पर उद्धव ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। मेरी तरफ से कभी कोई झगड़ा नहीं था। राज ने शिवसेना में उद्धव को उत्तराधिकारी घोषित करने के बाद 27 नवंबर 2005 को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। बाद अपनी पार्टी 'महाराष्ट्र नव निर्माण सेना' बनाई थी।

**राज ने कहा- मतभेद छोटी, महाराष्ट्र बड़ी बात उद्धव बोले मेरी तरफ से झगड़ा नहीं**

### भाषा के मुद्दे पर चर्चा करने से पहले हमें राज्य में बुनियादी शिक्षा ढांचे के बारे में बात करनी चाहिए

**पुणे (भाषा)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की नेता सुप्रिया सुले ने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के जबरन क्रियान्वयन में मराठी को नजरअंदाज करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सुले का यह बयान महाराष्ट्र सरकार द्वारा राज्य भर के मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में पहली कक्षा से



पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी को अनिवार्य तीसरी भाषा बनाने के फैसले पर विपक्षी दलों के आक्रोश के बीच आया है। पुणे में पत्रकारों से बातचीत में बारामती की सांसद ने कहा, "महाराष्ट्र में सीबीएसई बोर्ड को अनिवार्य बनाने के शिक्षा मंत्री के बयान का विरोध करने वालों में मैं सबसे पहले थी। मौजूदा राज्य बोर्ड को सीबीएसई (केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) से बदलने की क्या जरूरत है? भाषा के मुद्दे पर चर्चा करने से पहले हमें राज्य में बुनियादी शिक्षा ढांचे के बारे में बात करनी चाहिए।" केंद्र द्वारा संदर्भित गैर सरकारी संगठन 'प्रथम फाउंडेशन' द्वारा जारी वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट (असर) का हवाला देते हुए उन्होंने गणित, विज्ञान और भाषाओं में छात्रों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार को एनईपी को लागू करने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए, क्योंकि इससे छात्रों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और शिक्षक इस बदलाव के लिए तैयार नहीं हैं। सुले ने कहा कि अगर महाराष्ट्र में एनईपी के लागू होने से मराठी भाषा को कोई नुकसान होता है, तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी बोले

# खुद को नेता के रूप में नहीं देखता, सत्य का साधक हूं



भाषा ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि सच्चाई के लिए खड़े होना गांधी-नेहरू की परंपरा रही है तथा वह खुद को नेता के रूप में नहीं देखते बल्कि सत्य का साधक (सीकर ऑफ ट्रुथ) मानते हैं। उन्होंने पूर्व सांसद और कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित के साथ एक पॉडकास्ट में नेहरू की राजनीति, आदर्श, विचार और योगदान के बारे बात की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने इस संवाद के दौरान अमेरिकी शुल्क से जुड़े विषय का भी उल्लेख किया और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी झुक गए, जबकि नेहरू और इंदिरा ऐसी परिस्थिति में कभी नहीं झुकते। उन्होंने अपने परिवार के राजनीतिक दर्शन का जिक्र करते हुए कहा कि राजनीति वास्तव में सत्य के लिए होती है। राहुल गांधी का कहना था, नेहरू जी ने हमें राजनीति नहीं सिखाई, उन्होंने हमें डर का सामना करना और सच्चाई के लिए खड़ा होना सिखाया। उन्होंने भारतीय नागरिकों को उत्पीड़न का विरोध करने और अंततः स्वतंत्रता का उदघोष करने का साहस दिया। उनकी सबसे बड़ी विरासत सत्य की उनकी निरंतर खोज में निहित है ।

### राजनीति सच्चाई के लिए होनी चाहिए

उनके अनुसार, नेहरू और इंदिरा गांधी ने कभी खुद को नेता के रूप में नहीं देखा और उनके परिवार का हमेश यही मानना रहा कि राजनीति सच्चाई के लिए होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं भी खुद को नेता के रूप में नहीं देखता, बल्कि सत्य का साधक हूं। कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत को उन स्थितियों का सामना करने की हिम्मत करनी पड़ेगी जो आज उसके सामने है। उन्होंने दावा किया आज भयंकर बेरोजगारी है, पूरा आर्थिक तंत्र विफल हो चुका है, देश में सद्भाव का अभाव है।

**कंठ ने पूछा, क्या कोई छात्र सिर्फ जनेऊ पहनकर नकल कर सकता है?**

# हिंदू छात्रों के जनेऊ उतरवाने का मामला कांग्रेस की हिंदू विरोधी सोच: भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रत्यूष कंठ ने कर्नाटक में हाल ही में हिंदू छात्रों के जनेऊ उतरवाने का मामले को लेकर इसे कांग्रेस की हिंदू विरोधी सोच बताया। कंठ ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की।

कंठ ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की राजनीति विकास और राष्ट्रहित पर केंद्रित हो चुकी है। देश 'विकसित भारत' की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है। वहीं, कांग्रेस और इंडी गठबंधन शासित राज्य आज भी सिर्फ वोटबैंक की राजनीति में उलझे हैं। भाजपा ने इस घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### घटना नहीं, सोच का परिणाम

उन्होंने इसे 'कांग्रेस की पुरानी हिंदू विरोधी सोच' का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक घटना नहीं, सोच का परिणाम है। परीक्षा के नाम पर छात्रों के धार्मिक प्रतीकों, विशेषकर हिंदू छात्रों के जनेऊ उतरवाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने इसे सुनियोजित प्रयास करार दिया, जिसका उद्देश्य हिंदू समाज की धार्मिक आस्थाओं को ठेस पहुंचाना है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या कोई छात्र सिर्फ जनेऊ पहनकर नकल कर सकता है? यह कुतर्क सिर्फ एक समुदाय विशेष को लक्षित करने का प्रयास है। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों द्वारा शासित राज्य अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की राजनीति में इतने लिप्त हैं कि उन्हें हिंदू समुदाय की भावनाओं की कोई परवाह नहीं रह गई है।

# साजिश के तहत सोनिया, राहुल के खिलाफ दाखिल किया गया आरोप पत्र: खरगे

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि पार्टी के शीर्ष नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के नाम षड्यंत्र के तहत नेशनल हेराल्ड मामले के आरोप पत्र में शामिल किए गए और यह कोई संयोग नहीं हो सकता कि यह सब पार्टी के अहमदाबाद अधिवेशन के तत्काल बाद हुआ। उन्होंने पार्टी के महासचिवों, प्रभारियों और अग्रिम संगठनों के प्रमुखों की बैठक में यह उम्मीद भी जताई कि वक्फ संशोधन अधिनियम मामले में उच्चतम न्यायालय में सरकार के खिलाफ विपक्ष की जीत होगी। खरगे ने पार्टी नेताओं का आह्वान किया कि अहमदाबाद अधिवेशन में पारित प्रस्ताव के संदेश को जिला, मंडल, ब्लॉक और बूथ स्तर तक पहुंचाना है।

### 'संविधान बचाओ रैली' करेगी कांग्रेस

कांग्रेस जाति जनगणना, आरक्षण की सीमा बढ़ाने और ‘सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक न्याय’ से जुड़े अन्य मुद्दों को जनता के बीच जोरशोर से उठाने के मकसद से



आगामी 25 अप्रैल से देश भर में 'संविधान बचाओ रैली' का आयोजन करेगी। पार्टी महासचिवों, प्रभारियों और अग्रिम संगठनों के प्रमुखों की शनिवार को हुई बैठक में शनिवार को यह फैसला किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में हुई इस बैठक में यह तय किया गया कि अहमदाबाद अधिवेशन के प्रस्ताव के अनुसार पार्टी के संगठन सृजन अभियान को पूरे देश में ले जाया जाएगा।

### निर्विरोध पटनायक नौवीं बार बने बीजद के अध्यक्ष

**भुवनेश्वर (भाषा)।** ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को लगातार नौवीं बार बीजू जनता दल (बीजद) का अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कथित झूठे विमर्श को उजागर करने का आह्वान किया। बीजद के संगठनात्मक चुनाव अधिकारी पीके देब ने राज्य मुख्यालय शंख



- **कार्यकर्ताओं से भाजपा के "झूठ" को उजागर करने की अपील की**

भवन में आयोजित राज्य परिषद की बैठक में पटनायक को पार्टी अध्यक्ष घोषित किया। बीजद अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पटनायक ने कहा, "पिछले विधानसभा चुनाव में हमें हार मिली, हालांकि हमारी पार्टी को अधिक वोट मिले। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हम झूठे विमर्श का प्रभावी ढंग से मुकाबला नहीं कर सके। झूठा विमर्श गढ़ना बीजद के खिलाफ मुख्य रणनीति है। ओडिशा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष पटनायक ने यह भी कहा कि हमें सोशल मीडिया पर अपनी उपस्थिति सुधारने की जरूरत है। पटनायक क्षेत्रीय पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष रहे हैं और इस पद के लिए अकेले उम्मीदवार थे। देब ने कहा कि पटनायक को निर्विरोध बीजद अध्यक्ष चुना गया। देब ने बताया कि पार्टी की राज्य परिषद में 355 सदस्य हैं और उनमें से 80 को राज्य कार्यकारी सदस्य चुना गया है।

## सीएम योगी ने जनता दर्शन में 300 की समस्याएं सुनीं, त्वरित समाधान के निर्देश



**गोरखपुर (भाषा)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां जनता दर्शन में पुलिस तथा राजस्व विभाग से जुड़े मामलों के समाधान में अनावश्यक देरी न करने की हिदायत दी और जमीन कब्जे की शिकायतों को गंभीरता से लेकर दबंग और भू माफिया पर नकेल कसने के निर्देश दिए। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं और इन समस्याओं के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतोषजनक समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## एमडीएमके नेता दुरई वाइको ने आंतरिक कलह के चलते पार्टी पद से इस्तीफा दिया



**चेन्नई (भाषा)।** मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कषगम (एमडीएमके) नेता एवं इसके संस्थापक वाइको के बेटे दुरई वाइको ने शनिवार को पार्टी के प्रमुख सचिव पद से इस्तीफा दे दिया। माना जा रहा है कि पार्टी में आंतरिक कलह की वजह से उन्होंने यह कदम उठाया है। राज्य के तिरुचिरापल्ली से लोकसभा सदस्य दुरई वाइको ने 'एक्स' पर इस फैसले की घोषणा की और अपने इस्तीफे के लिए एक व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराया। एमडीएमके के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि पार्टी रविवार को अपनी प्रशासनिक परिषद की बैठक में दुरई के इस्तीफे पर फैसला करेगी।

## संभल के पुलिस क्षेत्राधिकारी को क्लीनचिट मिली

**लखनऊ (भाषा)।** होली और जुमा (शुक्रवार) से जुड़े विवादित बयान को लेकर संभल के पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज चौधरी को पुलिस ने क्लीन चिट दे दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। संभल पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, "पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज चौधरी को (होली और जुमा से जुड़े बयान के लिए) क्लीन चिट दे दी गई है।" अधिकारी ने इस बारे में और कुछ बताने से इनकार कर दिया। इस साल मार्च में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी अमिताभ ठाकुर की शिकायत के बाद चौधरी के बयान को लेकर जांच की जा रही है। होली से पहले चौधरी ने शांति समिति की बैठक के बाद पत्रकारों से कहा था, "होली साल में एक बार आने वाला त्योहार है, जबकि जुमे की नमाज साल में 52 बार होती है। अगर किसी को होली के रंगों से असहजता महसूस होती है तो उन्हें उस दिन घर के अंदर रहना चाहिए। जो लोग बाहर निकलते हैं उन्हें खुले दिमाग से काम लेना चाहिए।

- **होली और जुमा से जुड़े बयान को लेकर हुई थी जांच**

लखनऊ में 'सांसद खेल महाकुंभ' का राजनाथ ने किया शुभारंभ

# खेलों और खिलाड़ियों के प्रति समाज की धारणा बदली

**लखनऊ ने 1948 में स्वतंत्र भारत में पहले राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी की थी**

भाषा ▶▶ लखनऊ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि समाज में खेल और खिलाड़ियों को लेकर धारणा बदलल चुकी है और आज माता-पिता अपने बच्चों को लिएंडर पेस, तेंदुलकर, कोहली, रोहित शर्मा, पीवी सिंधू और नीरज चोपड़ा जैसे खिलाड़ियों के रूप में देखना चाहते हैं। 'खेलोगे कूदोगे होगे खराब, पढ़ोगे, लिखोगे तो बनोगे नवाब' नामक लोकप्रिय मुहावरे का जिक्र करते हुए राजनाथ ने कहा कि एक समय ऐसा माना जाता था कि खेलों में समय लगाना समय की बर्बादी है। लखनऊ के केडी सिंह 'बाबू' स्टेडियम में शनिवार को 'सांसद खेल महाकुंभ' में बोलते हुए राजनाथ ने कहा कि आज यह सोच बदल गई है और खेलों और खिलाड़ियों के प्रति समाज की धारणा बदल गई है।



### सीएम योगी अगले राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए प्रयास करें

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय ओलंपिक संघ के अनुसार, लखनऊ ने 1948 में स्वतंत्र भारत में पहले राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी की थी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अगले राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए प्रयास करना चाहिए। सिंह ने कहा, लखनऊ अपनी खेल संस्कृति के लिए कितना प्रसिद्ध है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आजादी के बाद जब पहली बार राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया गया था, तो यह आयोजन हमारे इसी शहर में किया गया था। हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य रखा है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में देश के प्रत्येक राज्य और प्रत्येक जिले के हरेक नागरिक की भूमिका है।

### 1,000 खेलों इंडिया केंद्रों पर हजारों प्रशिक्षण ले रहे


खेलो इंडिया पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर लगभग 1,000 खेलों इंडिया केंद्रों पर हजारों खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। आज के बदलते भारत में छोटे शहरों की प्रतिभाओं को खुलकर आगे आने का मौका मिल रहा है। आज खेलो इंडिया के तहत 3,000 से ज्यादा खिलाड़ियों को 50,000 रुपये प्रतिमाह की सहायता दी जा रही है, जिससे उन्हें प्रशिक्षण, आहार, कोचिंग, किट, जरूरी उपकरण और दूसरी जरूरतें पूरी करने में मदद मिलती है। मोदी के नेतृत्व में देश में एक नयी खेल संस्कृति विकसित हुई है।

सेना ने स्थापित की भरोसेमंद हाई स्पीड मोबाइल कनेक्टिविटी

# अब सियाचिन ग्लेशियर से भी गूंजेगी सैनिकों के घरों में फोन की घंटी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छोड़ो कल की बातें, कल की बात पुरानी...जी हां हिंदी फिल्मों का ये गीत अपनी दुर्गम ऊंचाई और विषम भौगोलिक परिस्थितियों से वजह से बाकी देश से अलग-थलग दिखाई पड़ने वाले सियाचिन ग्लेशियर और पूर्वी लद्दाख के गलवान घाटी के इलाकों पर बिलकुल सटीक बैठता हुआ नजर आ रहा है। क्योंकि अब यह दोनों इलाके सेना द्वारा स्थापित की गई भरोसेमंद हाईस्पीड मोबाइल कनेक्टिविटी से जुड़ गए हैं और उसी के साथ तकनीकी विकास की अपनी नई कहानी लिखने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। मोबाइल



कनेक्टिविटी की वजह से जवान परिवारों के साथ लगातार संपर्क में बने रहेंगे। पहले सियाचिन या लेह-लद्दाख के अन्य ऊंचाई वाले इलाकों में सेना अत्यधिक आवश्यकता पड़ने पर सैटेलाइट फोन का इस्तेमाल चलन में रहा है। मोबाइल के साथ नेटवर्क की समस्या बनी रहती थी।

### जवानों का मनोबल बढ़ेगा

इस कदम के जरिए चुनौतीपूर्ण जगहों पर तैनात रहने वाले सेना के जवानों का मनोबल बढ़ेगा। आमतौर पर सर्दियों की तैनाती के दौरान अत्यधिक ऊंचाई और जानलेवा मौसम के बीच इनका संपर्क बाकी देश से कट जाता था। लेकिन अब ये सभी अपने परिवारजनों से संपर्क में बने रहेंगे। अधिकारियों ने कहा कि उसका यह महत्वपूर्ण प्रयास सरकार के एक सहयोगी फ्रेमवर्क से जुड़ा हुआ है। जिसके तहत सेना सीमाई इलाकों में अपने ऑप्टिकल फाइबर केबल नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास कर रही है। इसमें टेलीकॉम सर्विस प्रदाता और लद्दाख केंद्रशासित प्रदेश के प्रशासन का पूर्ण सहयोग मिल रहा है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

## नरेंद्र मोदी दो दिवसीय यात्रा पर सऊदी अरब जाएंगे

# भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक कॉरीडोर को आगे बढ़ाने पर होगी चर्चा
# क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर करेंगे विचार-विमर्श

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस एवं पीएम प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के निमंत्रण पर 22-23 अप्रैल को दो दिवसीय सऊदी अरब की यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2016 और 2019 के बाद पीएम की सऊदी अरब की यह तीसरी यात्रा होगी।

यह यात्रा सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस एवं पीएम की सितंबर 2023 में जी 20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने और भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझीदारी परिषद की पहली बैठक की सह-अध्यक्षता के लिए नई दिल्ली की राजकीय यात्रा के बाद की गई है।

***रियाद में पीएम मोदी और प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के बीच द्विपक्षीय बैठक होगी***

***रक्षा सहयोग को व्यापक बनाने और कई क्षेत्रों में गहन उच्च स्तरीय आदान-प्रदान होगा***



### अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श

रियाद में पीएम मोदी और प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के बीच द्विपक्षीय बैठक होगी, जिसमें कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को लेकर नए समझौते होने की संभावना है। इसके अलावा दोनों नेता क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे जिनमें इजराइल फिलिस्तीन संघर्ष और भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक कॉरीडोर (आईमैक) को आगे बढ़ाने के मुद्दे शामिल हैं।

विदेश मंत्रालय ने कहा है कि रणनीतिक साझीदार के रूप में, दोनों देश राजनीतिक, रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, शिक्षा, संस्कृति और लोगों के बीच संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत द्विपक्षीय संबंध साझा करते हैं

### सामाजिक, सांस्कृतिक संपर्कों का लंबा इतिहास

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और सऊदी अरब के सामाजिक-सांस्कृतिक और व्यापारिक संपर्कों के लंबे इतिहास के साथ घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। रणनीतिक साझीदार के रूप में, दोनों देश राजनीतिक, रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, शिक्षा, संस्कृति और लोगों के बीच संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत द्विपक्षीय संबंध साझा करते हैं।

### बहुआयामी साझेदारी और गहरी होगी

विदेश मंत्रालय ने कहा कि पीएम की यात्रा सऊदी अरब के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को भारत के महत्व को दर्शाती है। यह हमारी बहुआयामी साझीदारी को और गहरा और मजबूत करने के साथ-साथ आपसी हित के विभिन्न क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान करेगा।

### पिछले दशक में स्थायी साझेदारी मजबूत हुई

सऊदी अरब के साथ भारत के संबंध पिछले दशक में एक मजबूत और स्थायी साझीदारी के रूप में विकसित हुए हैं तथा बढ़ती निवेश प्रतिबद्धताओं, रक्षा सहयोग को व्यापक बनाने और सभी क्षेत्रों में गहन उच्च स्तरीय आदान-प्रदान के साथ कई रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार हुआ है।

### मस्क बोले- पीएम मोदी से बात करना सम्मानजनक, इस साल भारत आने का बेसब्री से इंतजार

टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने शनिवार को कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी से बात करना उनके लिए सम्मानजनक है और वह इस साल के अंत में भारत आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अरबपति बिजनेसमैन और पीएम मोदी ने इससे पहले कई मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएं शामिल हैं। एलन मस्क ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया कि पीएम मोदी से बात करना सम्मानजनक है। मैं इस साल के अंत में भारत आने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।



## खबर संक्षेप

### 'द ताज स्टोरी' को 'बेस्ट फिल्म' का पुरस्कार

**लंदन।** बॉलीवुड अभिनेता परेश रावल की फिल्म 'द ताज स्टोरी' ने हाल ही में लंदन के हाउस ऑफ कॉमन में आयोजित ग्लोबल बिजनेस अवार्ड 2025, अंतरराष्ट्रीय श्रेणी में 'बेस्ट फिल्म' का पुरस्कार जीता। 'द ताज स्टोरी' को ब्रिटिश दर्शकों और लंदन निवासियों के साथ-साथ वहां के फौजियों द्वारा भी बेहद पसंद किया गया। फिल्म की मुख्य भूमिका में परेश रावल की शानदार अभिनय ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा, लेखक और निर्देशक तुषार अमरीश गोयल के काम की भी खूब सराहना की गई।

### हिट-एंड-रन घटना में भारतीय छात्रा की मौत

**ऑस्टिन।** भारतीय छात्रा वांगवोलु दीप्ति की टेक्सास के डेंटन शहर में एक हिट-एंड-रन घटना में मौत हो गई। दीप्ति की मास्टर डिग्री कुछ ही हफ्तों में पूरी होने वाली थी। 23 वर्षीय दीप्ति आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले की रहने वाली थी। वह 2023 में गुंटूर के नरसारावपेट इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई पूरी करने के बाद अमेरिका गई थी। वह नॉर्थ टेक्सास विश्वविद्यालय में कंप्यूटर और सूचना विज्ञान में एमएस की पढ़ाई कर रही थी।

## पंजाब में दो आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़
## 13 गिरफ्तार, 2 आरपीजी, आईईडी ग्रेनेड और आरडीएक्स बरामद

**चंडीगढ़ (भाषा)।** पंजाब पुलिस ने शनिवार को आईएसआई समर्थित दो खालिस्तानी आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर 13 लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया। इस कार्रवाई में पुलिस ने दो रॉकेट चालित ग्रेनेड, दो हथगोले, आईईडी और आरडीएक्स के साथ-साथ अन्य हथियार जब्त किए हैं। पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि इन दोनों मॉड्यूल का संचालन विदेश से किया जा रहा था। यादव ने बताया कि पहले आतंकी मॉड्यूल का संचालन फ्रांस स्थित सतनाम सिंह उर्फ सत्ता कर रहा था, जबकि दूसरे मॉड्यूल का संचालन यूनान स्थित जसविंदर उर्फ मन्नू अगवान द्वारा किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) समर्थित इन दोनों मॉड्यूल को प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) द्वारा विदेश से संचालित किया जा रहा था। दूसरी ओर अधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में इस मामले में और गिरफ्तारी होने की संभावना है। डीजीपी ने कहा कि इन दोनों मॉड्यूल का भंडाफोड़ करके पंजाब पुलिस ने सीमावर्ती राज्य में शांति और सद्भाव को बिगाड़ने की पाकिस्तानी एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) द्वारा रची गई साजिश को नाकाम कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) जालंधर और जिला पुलिस बटाला ने दो अलग-अलग अभियानों में दोनों मॉड्यूल का भांडाफोड़ किया और एक नाबालिग समेत कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया। यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह पंजाब में शांति और स्थिरता को निशाना बनाने वाले अंतरराष्ट्रीय आतंकी नेटवर्क के लिए एक बड़ा झटका है।

### गुप्त सूचना पर कार्रवाई

प्रदेश पुलिस प्रमुख ने बताया कि पुलिस ने एक लॉन्चर सहित दो रॉकेट चालित ग्रेनेड (आरपीजी), दो परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (2.5 किलोग्राम प्रत्येक), डेटोनेटर के साथ दो हथगोले, रिमोट कंट्रोल के साथ दो किलोग्राम आरडीएक्स, पांच पिस्तौल (बेरेटा और ग्लॉक), छह मैगजीन, 44 कारतूस, एक वायरलेस सेट और तीन वाहन जब्त किए हैं। अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये जालंधर काउंटर इंटेलिजेंस के सहायक पुलिस महानिरीक्षक नवजोत सिंह माहल ने बताया कि खुफिया सूचना पर आधारित अभियान के तहत पुलिस दल ने होशियारपुर के बस्ती अमृतसरियां के जगरूप सिंह, कपूरथला के जतिंदर सिंह उर्फ हनी, होशियारपुर के हरप्रीत सिंह और कपूरथला के जगजीत सिंह को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से हथियार और विस्फोटक बरामद किए। माहल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ये आरोपी सतनाम सत्ता के निर्देश पर काम कर रहे थे।

### एयरपोर्ट पर बिछाया जाएगा रेड कारपेट
## अब जयपुर में 4 दिन रुकेंगे अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस शुक्रवार को परिवार के साथ इटली पहुंच गए। इसके बाद 21 अप्रैल को भारत पहुंचेंगे। वेंस का दिल्ली में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर स्वागत करेंगे। 21 अप्रैल को ही पीएम नरेंद्र मोदी के साथ उनकी मुलाकात होगी। इस दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद रहेंगे। वेंस 21 अप्रैल की रात को जयपुर पहुंच जाएंगे। वेंस 24 अप्रैल तक जयपुर में रहेंगे। इस दौरान 22 अप्रैल को राजस्थान



इंटरनेशनल सेंटर में बिजनेस समिट को भी संबोधित करेंगे। 23 अप्रैल की सुबह अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अमेरिकी एयर फोर्स के विशेष विमान से आगरा के लिए रवाना होंगे। लगभग तीन घंटे तक ताजमहल देखने के बाद दोपहर को वेंस एक बार फिर जयपुर पहुंचेंगे। 23 अप्रैल की दोपहर को वे जयपुर सिटी पैलेस जाएंगे।

## परमाणु कार्यक्रम को लेकर ईरान और अमेरिका के बीच रोम में दूसरे दौर की वार्ता संपन्न हुई

**रोम।** ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर उसकी अमेरिका के साथ दूसरे दौर की वार्ता शनिवार को कई घंटों की बातचीत के बाद समाप्त हो गई। अमेरिका और ईरान के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रोम के कैमिलुशिया क्षेत्र में ओमानी दूतावास में बंद कमरे में हुई वार्ता कैसी रही, इस बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। ईरानी सरकारी टेलीविजन द्वारा वार्ता के समापन की घोषणा के बाद अमेरिकी राजदूत स्टीव विटकॉफ को लेकर उनका काफिला रवाना हुआ। कुछ ही मिनटों बाद ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची भी वहां से चले गए। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने वार्ता के तुरंत बाद तेहरान के सरकारी टेलीविजन को बताया कि ईरान अपने देश पर लगे आर्थिक प्रतिबंधों को हटवाने के लिए गंभीरता के साथ वार्ता का मार्ग जारी रखेगा। बाघेई ने कहा, ''ईरान तब तक बातचीत जारी रखेगा जब तक कि वार्ता रचनात्मक और उद्देश्यपूर्ण तरीके से चलती रहेगी। ''एक अमेरिकी अधिकारी ने भी वार्ता समाप्त होने की पुष्टि की। उन्होंने नाम न बताने की शर्त पर बंद कमरे में हुई वार्ता के बारे में बताया। इससे पहले, ईरान के सरकारी मीडिया ने भी बताया कि वार्ता शनिवार पूर्वाह्न में शुरू हुई।

### छात्रों के निर्वासन मामले में ट्रंप को चुनौती
## एसीएलयू ने कोर्ट में की कानूनी स्थिति बहाल करने की मांग

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के फैसलों से प्रभावित अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की मदद के लिए शुक्रवार को एक बड़ा मुकदमा दायर किया गया है। इस मुकदमे में अदालत से अनुरोध किया गया है कि इन छात्रों की कानूनी स्थिति फिर से बहाल की जाए। इस फैसले से करीब 1100 से ज्यादा विदेशी छात्र प्रभावित हुए हैं, जिन्हें अमेरिका से निकाले जाने का डर सता रहा है। बता दें कि यह मुकदमा अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन (एसीएलयू) और उससे जुड़े कई संगठनों ने मिलकर दायर किया है। ये न्यू इंग्लैंड और प्यूर्टो रिको के 100 से अधिक छात्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। मामले में एसीएलयू न्यू हैम्पशायर के कानूनी निदेशक गिल्स बिस्नोनेट ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय छात्र हमारे कॉलेजों और विश्वविद्यालयों का एक अहम हिस्सा हैं। किसी भी सरकार को यह अधिकार नहीं है कि वो छात्रों की स्थिति अचानक खत्म कर दे और उन्हें उनकी पढ़ाई पूरी किए बिना देश से निकालने की कोशिश करे।

- भारतीयों समेत 1100 से अधिक छात्रों को यूएस से निकाले जाने का डर

### वेनेजुएला के लोगों के निर्वासन पर रोक



अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को एक अहम फैसला लेते हुए टेक्सास के डिटेंशन सेंटर में बंद वेनेजुएला के लोगों को फिलहाल उनके देश वापस भेजने पर रोक लगा दी है। यह फैसला 18वीं सदी के पुराने कानून एलियन एनिमीज एक्ट (1798) के तहत किए जा रहे निर्वासन के खिलाफ दायर याचिका पर आया है। यह मामला एसीएलयू द्वारा सुप्रीम कोर्ट में की गई आपात अपील से जुड़ा है, जिसमें एसीएलयू का कहना था कि ट्रंप प्रशासन इस युद्धकालीन कानून का इस्तेमाल करके वेनेजुएला के लोगों को अवैध तरीके से वापस भेजने की कोशिश कर रहा है। मामले में एसीएलयू की अपील पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल यह आदेश दिया है कि इन लोगों को अगले आदेश तक डिपोर्ट न किया जाए।




Terms and Conditions apply. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #Cashback Offer available on selected models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of ₹ 5000. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #The scheme is available in selected outlets only. *3 Years Free Service Maintenance Package is available only on Deluxe variant of Activa 110 and Activa 125. *For detailed Terms and Conditions of the 3-Year Free Service Maintenance Package worth ₹ 5500, kindly contact authorised main dealers and associate dealers. *Above scheme can be withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. ^The price shared above is of Activa 110 Std OBD2B variant for Haryana State. ^For more information contact nearest dealers. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: HARYANA: AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 0171-2641189, 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992244787, 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600, 9053005610; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9416680450, 7374002045; **NARAINGARH:** SD Honda - 8708886452; **BARARA:** Harmilap Honda - 8295422108, 9416195131; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203, **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320200, 9355320111; **BILASPUR**: Bakshi Honda - 9934390054; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9599396896; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908, 9992888910; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914, 9992888908; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 01667-223599, 8930210999; **RATIA:** Avni Honda - 9466410724, 8168871488; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **SEC - 82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621, 9220309622; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141, 9992220142; Malik Autos Honda - 9896648808, 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888822, 8572888813; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119, 9878318885; **NARWANA:** Shivam Honda - 9728090375, 9812318005; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394, 999025394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321, 9992822555; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda (Assandh) - 9896678058; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **NISSING:** Royal Honda - 8930929000; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441, 7027044402; Singla Honda - 8930900011, 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382; **PEHOWA:** Chirag Honda - 9812666668; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 01285-220100, 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 8607862777,9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **MODEL TOWN (Panipat):** L.K. Honda - 8059900603; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 8199994719; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **REWARI BYEPASS:** Shree Honda - 9416662018; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 9050276139; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **PALHAWAS:** Krishna Honda - 9992186137; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993, 9896488013, 9996120990; **ELLENABAD:** R S Honda - 9053442078, 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044, 9215720991; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 01732-261420, 9215593704, 9034051285; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 8950374020, 9065555525; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666, 9034290452; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8901286307. **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 0172-5000000, 0172-5041052, 9855146632, 9888601876; Platinum Honda - 9855155999, 9216757444, 9216792163; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511, 8566024513; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 0172-5005758, 8427190632, 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050051, 8725050052, 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 7087215231, 7087215237; Platinum Honda - 7374071740, 7719619990; **MULLANPUR:** Platinum Honda - 8725085001; **KHARAR:** Batra Honda - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**